* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 अगस्त, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 282

झारखंड के 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्र मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र में तब्दील






मुख्यमंत्री ने विधानसभा में विपक्ष पर साधा निशाना

# जब से जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा कांटा चुभ रहा : हेमंत सोरेन



- सभी सवालों का जवाब देकर विपक्ष को पूरी तरह संतुष्ट करूंगा
- इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा और मंशा को भी समझ लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा को भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है। इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा। सीएम बुधवार को सदन में अनंत ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे।

### 2013-14 में मैंने ही रखी थी आधारशिला

सीएम ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैंने जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं। गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। उससे पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़नें आयी हैं। इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं। इसको मैं खुद देखूंगा। जल्द से जल्द मिल-जुल कर यह काम पूरा करेंगे।

### न्यूज रील्स

#### पूजा खेडकर की आइएएस की नौकरी खत्म

नयी दिल्ली। प्रशिक्षु आइएएस पूजा खेडकर को यूपीएससी ने नौकरी से हटा दिया है। विवादों में घिरीं पूजा खेडकर पर आरोप था कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के जरिये नौकरी पायी थी। पूजा खेडकर ने 2022 की यूपीएससी परीक्षा पास की थी और उन्हें फिलहाल महाराष्ट्र में ट्रेनी आइएएस के तौर पर तैनात किया गया था। अपनी पहली ही पोस्टिंग में उन्हें अजीब-अजीब मांग रखनी शुरू कर दी थी। बाद में उनका ट्रांसफर पुणे से वाशिम किया गया था। इधर सामने आया कि उन्होंने ओबीसी के नन-क्रीमी लेयर वाले आरक्षण को हासिल करने के लिए गलत दस्तावेज दिये थे।

# विधानसभा के वेल में जमे विपक्षी विधायक, सीएम ने की भेंट

■ सदन की बिजली-एसी-शौचालय बंद करने का आरोप ■ स्पीकर ने कहा, बिजली बंद नहीं की गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को अजीबो-गरीब स्थिति पैदा हो गयी। हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्षी विधायक वेल में धरने पर बैठ गये। देर शाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपक्षी विधायकों से मुलाकात करने पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी मांग को उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के नियम की बात कहते हुए कहा कि उनके जवाब को लेकर वह पहले अध्यक्ष से बात करेंगे। उसके बाद ही सदन में जवाब देंगे। इसके बाद सीएम वहां से निकल गये। बाद में धरना दे रहे विधायकों ने कहा कि सीएम से बात पूरी नहीं हुई है। इसलिए रातभर वे सभी सदन में ही रुकेंगे। धरना दे रहे विधायकों ने आरोप लगाया कि सदन की बिजली बंद कर दी गयी है। एसी और पंखे भी बंद हैं। शौचालय भी बंद हैं। धरना दे रहे विधायकों का कहना है कि जब तक मुख्यमंत्री युवाओं और अनुबंध कर्मियों के मुद्दे सहित अपने घोषणा पत्र के किये सारे वादे पर जवाब नहीं देंगे, तब तक सभी वेल में बैठे रहेंगे। स्पष्ट जवाब मिलने के बाद ही भाजपा विधायक सदन छोड़ेंगे। इससे पहले भोजनावकाश के बाद जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन द्वारा की गयी घोषणा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को आज सदन के अंदर झारखंड के सभी विषयों, समस्त अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, बेरोजगारी भत्ता, स्थानीय नीति, जेएसएससी-जेपीएससी घोटाला आदि पर जवाब देना होगा।



**स्पीकर का इनकार :** इधर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने सदन की बिजली और शौचालय को बंद किये जाने के आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने देर शाम फोन पर बताया कि सदन के भीतर विपक्षी विधायक धरना दे रहे हैं। सदन की बिजली पहले की तरह चालू है। पानी या शौचालय भी बंद नहीं किया गया है।

### एनडीए विधायकों को बंधक बनाया गया: वाजपेयी

इस बीच झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आरोप लगाया है कि विधायकों को बंधक बना लिया गया है। बिजली काट दी गयी है। एसी को बंद कर दिया गया है। विधायकों को पानी तक नहीं दिया जा रहा है। उन्हें बाथरूम भी जाने नहीं दिया जा रहा है। चारों तरफ मार्शल लगा दिये गये हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधूरे वादों पर जवाब की मांग की थी. लेकिन स्पीकर ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया। इससे आहत एनडीए विधायक सदन के भीतर वेल में धरना पर बैठ गये। उन्होंने सरकार से मांग की है कि धरना पर बैठे एनडीए विधायकों को सदन से बाहर आने दिया जाये। साथ ही अनुबंध कर्मियों की मांगों को अविलंब पूरा किया जाये।

# 12वें राज्यपाल के रूप में संतोष गंगवार ने ली शपथ



- कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने दिलायी शपथ
- सीएम हेमंत और अन्य गणमान्य रहे उपस्थित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण किया। राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित एक समारोह में झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पूर्व राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने राज्यपाल की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी तथा विभिन्न विभागों के सचिव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह राज्य बहुत अच्छा क्षेत्र है। आशा है कि यह प्रगति के क्षेत्र में नये मापदंड स्थापित करेगा।

# बाबूलाल ने पाकुड़ में छात्रों से मिल सुनी आपबीती

- पुलिस पर एफआइआर और गिरफ्तारी की मांग

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार की सुबह पाकुड़ पहुंचे। वह केकेएम कॉलेज के आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्रों से मिले और 26 जुलाई को हुई घटना के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने उन्हें आपबीती सुनायी। बाबूलाल ने छात्रों की बातों को एक अपने हाथ से नोट भी किया। छात्र कमल मुर्मू, संतोष मरांडी, संतोष किस्कू, परमय मुर्मू और अन्य ने बाबूलाल को बारी-बारी से 26 और 27 जुलाई की घटना के बारे में बताया। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस घटना को राज्य सरकार के इशारे पर पाकुड़ पुलिस ने अंजाम दिया। छात्रों की बेरहमी से पिटाई की गयी। उन्होंने राज्य सरकार से पुलिस के खिलाफ अविलंब कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो आने वाले समय में पूरे झारखंड में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन होगा। बाबूलाल ने कहा कि बच्चों को बेरहमी से पीटा गया है। मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, ताला मरांडी, डेनियल किस्कू, साहब हांसदा, सुफल मरांडी, मिस्त्री सोरेन, मार्शल टुडू, मिठू भगत सहित अन्य मौजूद थे।

**गायबथान में पीड़ितों से मिले:** बाद में बाबूलाल मरांडी महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के गायबथान गांव पहुंचे, जहां बीते दिनों एक विशेष समुदाय के लोगों ने रैयती जमीन मालिक के पूरे परिवार को पीटा था। मरांडी ने पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।


# झारखंड हाइकोर्ट का नगर निगम से सवाल: कहां गये रांची के 71 तालाब

- कोर्ट ने जतायी नाराजगी, कहा-आठ साल से एक ही तरह का शपथ पत्र दे रही है सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की रिपोर्ट के आलोक में रांची नगर निगम से मौखिक पूछा कि जब सरकार कह रही है कि रांची में 71 तालाब थे, तो ये तालाब कहां गये? अभी रांची में चार-पांच तालाब ही दिखते हैं। इन तालाबों को क्या भर दिया गया है। कोर्ट ने नगर निगम से रांची के 71 तालाब के संबंध में पूछा है कि यह सपना है या वास्तविकता है? कोर्ट ने रांची नगर निगम से इस संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है। बुधवार को कोर्ट ने रांची में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की।

इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट दाखिल कर रांची में जल स्त्रोतों के संरक्षण और रांची के तालाबों के संबंध में जानकारी दी गयी। इस पर कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 में भी राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर रांची सहित झारखंड में पेयजल की कमी दूर करने के संबंध में दीर्घ अवधि योजना और धुर्वा, कांके और गेतलसूद डैम सहित हिनू नदी से अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया है। आठ साल के बाद भी रांची के जल स्त्रोतों और डैम में अतिक्रमण है। स्थिति यह है कि राज्य सरकार आज भी अपनी रिपोर्ट में उन्हीं बातों को दोहरा रही है, जिन्हें उसने आठ साल पूर्व शपथ पत्र में बताया था। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में हालात खराब दिख रहे हैं। हरमू नदी, जुमार नदी में अतिक्रमण देखा जा सकता है। कांके डैम, धुर्वा डैम में कैचमेंट एरिया का अतिक्रमण कर जल संचय की क्षमता को घटा दिया गया है। 10 सालों के बाद रांची में पेयजल की भारी किल्लत हो सकती है। इस साल भी अब तक 35 फीसदी कम वर्षा हुई है। अगले साल गर्मी में रांची के लोगों को फिर से पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह जनहित याचिका वर्ष 2011 से चल रही है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से केवल शपथ पत्र दाखिल किया जा रहा है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 87,000 रु./प्रति किलो |



# संथाल परगना में कांग्रेस के लिए हर कदम पर मुसीबत

## ■ अपनी सीटें बचा ले जाये, तो यही उसकी बड़ी कामयाबी मानी जायेगी

## ■ लोकसभा चुनाव में मात्र दो विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मिली थी बढ़त

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सत्ता की चाबी माने जानेवाले संथाल परगना में इस बार चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार साफ नजर आ रहे हैं। आजाद सिपाही के चुनावी रथ के जरिये पूरे इलाके के चुनावी माहौल को जानने-समझने के लिए इसके संवाददाताओं की टीम ने जो कुछ देखा-सुना है, उससे तो यही दिख रहा है कि संथाल परगना में कोई भी पार्टी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो सकती है। 2019 में संथाल परगना की चार सीटें जीत कर कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया था। इनमें जामताड़ा, जरमुंडी, पाकुड़ और महगामा शामिल हैं। बाद में पोड़ैयाहाट की सीट उसे बोनस में मिल गयी। लेकिन इस बार कांग्रेस की नाव इन सभी सीटों पर डगमगाती नजर आ रही है। उसके सामने सीटिंग विधायकों के खिलाफ एंटी-इंकमबेंसी के माहौल को खत्म करने की बड़ी चुनौती है। अभी संथाल से कांग्रेस के पांच विधायकों में से दो मंत्री हैं और एक कांग्रेस विधायक दल के उपनेता। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने केवल गोड्डा से प्रत्याशी दिया था, लेकिन उसे इस क्षेत्र की केवल मधुपुर में ही बढ़त मिल सकी थी, जो झामुमो के पास है। ऐसे में कांग्रेस के माथे पर चिंता की लकीरें उभरना स्वाभाविक ही है। संथाल परगना में कांग्रेस के भीतर के माहौल और उसकी संगठनात्मक स्थिति के अलावा पार्टी की रणनीति को देख कर तो यही लगता है कि कांग्रेस को अपनी सीटें बचाने के लिए इस बार कड़ी मेहनत करनी होगी। संथाल परगना में विधानसभा चुनाव को लेकर क्या है कांग्रेस के प्रति माहौल और क्या है पार्टी की तैयारी और चुनौती, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

संथाल परगना का माहौल इन दिनों बेहद खास हो गया है। एक तरफ सावन के पवित्र माह में शिवभक्तों का 'बोल बम' का नारा है, तो दूसरी तरफ आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए हर रोज गरम होता सियासी माहौल है। इन दोनों परस्पर विपरीत माहौल के बीच लोग भी सियासी चर्चाओं में खुल कर हिस्सा ले रहे हैं और चौक-चौराहों पर वर्तमान विधायकों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के साथ संभावित मुकाबले की तस्वीर भी खींची जा रही है।

यह तस्वीर हालांकि अभी धुंधली ही है, लेकिन इससे एक अंदाजा तो मिल ही जाता है। पार्टियों के भीतर की गतिविधियां, टिकट के दावेदारों का जोड़-तोड़ और सामाजिक समीकरणों का ताना-बाना संथाल में खूब बुना जा रहा है।

इस माहौल में देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के लिए इस बार संथाल में क्या संभावनाएं हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प होगा। केवल संथाल परगना ही नहीं, पूरे झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सबसे अधिक चिंतित कांग्रेस है। उसके सामने 2019 के विधानसभा चुनाव का प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है।

### क्या हुआ लोकसभा चुनाव में

हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इनमें तीन सीटें झामुमो ने और दो सीटें कांग्रेस ने जीतीं। यदि विधानसभा क्षेत्रवार बात करें, तो झामुमो को 13 और कांग्रेस को 15 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल हुई। संथाल परगना में कांग्रेस ने केवल गोड्डा सीट पर प्रत्याशी उतारा था, जिसके छह विधानसभा क्षेत्रों में से केवल मधुपुर और महगामा में उसे बढ़त मिल सकी, जबकि इस संसदीय क्षेत्र के जरमुंडी और पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट उसके पास है। इसी तरह दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत जामताड़ा और गोड्डा संसदीय क्षेत्र के तहत पाकुड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने झामुमो को बढ़त दिलायी थी।

### 2019 में शत-प्रतिशत था कांग्रेस का स्ट्राइक रेट

2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने संथाल परगना की चार सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और सभी सीटों पर उसने जीत हासिल की थी। ये सीटें थीं, पाकुड़, जामताड़ा, जरमुंडी और महगामा। बाद में पोड़ैयाहाट से झाविमो के टिकट पर जीते प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये, तो उसके विधायकों की संख्या पांच हो गयी। कांग्रेस के जीतनेवाले प्रत्याशियों में आलमगीर आलम (पाकुड़), डॉ इरफान अंसारी (जामताड़ा), बादल पत्रलेख (जरमुंडी) और दीपिका पांडेय सिंह (महगामा) शामिल हैं। इनमें आलमगीर आलम को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाया गया और उनके साथ बादल पत्रलेख को कैबिनेट में भी जगह मिली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आलमगीर आलम को इडी ने टेंडर घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया, तब डॉ इरफान अंसारी और दीपिका पांडेय सिंह को मंत्री बनाया गया। प्रदीप यादव को विधायक दल का उपनेता बनाया गया है।



### इस बार कांग्रेस के सामने क्या है चुनौती

संथाल परगना में सीट शेयरिंग में इस बार भी कांग्रेस को पांच सीटें ही मिलने के आसार हैं। ये वही सीटें होंगी, जो अभी कांग्रेस के पास है। इसलिए कयास यही लगाये जा रहे हैं कि पाकुड़ को छोड़ कर कांग्रेस के अन्य प्रत्याशी वही रहेंगे। पाकुड़ में आलमगीर आलम के स्थान पर उनके पुत्र तनवीर आलम को टिकट दिये जाने की संभावना है। लेकिन इन सीटिंग विधायकों के पांच साल के प्रदर्शन और क्षेत्र में उनके खिलाफ एंटी-इंकमबेंसी ने कांग्रेस की पेशानी पर बल ला दिया है। पाकुड़ में आलमगीर आलम के प्रति सहानुभूति को छोड़ दिया जाये, तो बाकी चार क्षेत्रों में विधायकों के प्रति लोगों की राय सकारात्मक नहीं है।

### चादर ही ओढ़ते रहे जरमुंडी के बादल

जरमुंडी से बादल पत्रलेख जब 2019 में पहली बार जीते थे, तब उनकी सादगी के बारे में बहुत कुछ कहा गया था। उस चुनाव में उन्होंने 52 हजार 507 वोट लाकर भाजपा के देवेंद्र कुमार को करीब तीन हजार वोटों से हराया था। देवेंद्र कुमार को 49 हजार 408 वोट मिले थे। विधायक बनने के बाद उन्हें मंत्री भी बनाया गया और कृषि विभाग दिया गया। चुनाव से पहले की उनकी सादगी धीरे-धीरे खत्म होने लगी और साढ़े चार साल में वह क्षेत्र से पूरी तरह कट से गये। इससे लोग बेहद नाराज हैं। लोग कहते हैं कि बादल बाबू का टेंपो (विधानसभा चुनाव में वह टेंपो से प्रचार करते थे और शपथ ग्रहण करने भी वह टेंपो से ही पहुंचे थे) अब स्कॉर्पियों-फॉर्च्यूनर में बदल गया है। साढ़े चार साल तक वह चादर ही ओढ़ते रहे। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता भी उनसे कटे ही नजर आये।

### जामताड़ा में कांग्रेस की परेशानी बड़बोलापन

जामताड़ा में 2019 में डॉ इरफान अंसारी ने एक लाख 12 हजार 829 वोट लाकर 74 हजार 88 वोट लाने वाले भाजपा के वीरेंद्र मंडल को 38 हजार वोटों के अंतर से हराया था। आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद उनके स्थान पर डॉ इरफान अंसारी को हाल ही में मंत्री बनाया गया है। वह इलाके में सक्रिय भी हैं, लेकिन उनका बड़बोलापन और अनाप-शनाप बयानबाजी ही उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। डॉ इरफान अंसारी के बारे में लोग बताते हैं कि वह अक्सर गांवों में जाते हैं और बच्चों-बुजुर्गों की खूब मदद करते हैं। पार्टी की स्थानीय इकाई में डॉ इरफान को लेकर कोई खास उत्साह नहीं है।

### महगामा में डगमगा रही है दीपिका की नाव

महगामा से 2019 में कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह को उतारा था, जिन्होंने 87 हजार 766 वोट लाकर भाजपा के अशोक कुमार को करीब 12 हजार वोटों से हराया था। अशोक कुमार को 75 हजार 590 वोट मिले थे। साढ़े चार साल तक लगातार असंतोष की चादर ओढ़े रहनेवाली दीपिका को अभी बादल पत्रलेख के स्थान पर मंत्री बनाया गया है। महगामा में उनके प्रति लोगों की राय बहुत सकारात्मक नहीं है। लोग कहते हैं कि दीपिका पांडेय सिंह कुछ खास लोगों के घिरी रहती हैं और आम लोगों से उनका सरोकार कम ही है। वह स्थानीय राजनीति के स्थान पर राज्य स्तरीय राजनीति को तरजीह देती हैं। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुसार दीपिका अक्सर अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देती हैं, जिससे जमीनी स्तर के कार्यकर्ता असहज हो जाते हैं।

### पोड़ैयाहाट में प्रदीप यादव भी मुश्किल में

2019 में पोड़ैयाहाट से झाविमो के टिकट पर जीते प्रदीप यादव इलाके के कद्दावर नेता हैं। उस चुनाव में उन्होंने 77 हजार 358 वोट लाकर भाजपा के गजाधर सिंह को करीब 14 हजार वोटों से हराया था। गजाधर सिंह को 63 हजार 761 वोट मिले थे। बाद में प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये और फिलहाल कांग्रेस विधायक दल के उपनेता हैं। कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में गोड्डा संसदीय सीट से उतारा था, लेकिन वह हार गये। यहां तक कि पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र में उन्हें 93 हजार 136 मत ही मिले और वह भाजपा से पिछड़ गये। इलाके में प्रदीप यादव की छवि एक जुझारू नेता की है, लेकिन लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद वह मुश्किल में नजर आ रहे हैं। उनके साथ दूसरी समस्या यह है कि कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं के बड़े वर्ग ने उन्हें अब तक स्वीकार नहीं किया है। उसे साथ लाने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी।

इन परिस्थितियों के बीच अब यह साफ हो गया है कि संथाल परगना में कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं है। वैसे अभी तीन महीने का समय है, लेकिन यदि इस दौरान पार्टी नेतृत्व ने इधर ध्यान नहीं दिया, तो उसके लिए 2019 का प्रदर्शन दोहराना मुश्किल हो जायेगा।

---

# 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की समीक्षा, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना समेत राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम की सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाये। मुख्यमंत्री के अधिकारियों से कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को पूरी योजना और तैयारी के साथ धरातल पर उतारें, ताकि राज्य की जनता को उसका लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हजार रुपये सम्मान राशि दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना से सभी योग्य पात्र बहन- बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठायें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी योग्य महिलाएं इस योजना के लिए सहूलियत से आवेदन कर सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था हो। बैठक में अधिकारियों ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



### विशेष अभियान चला कर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है, लेकिन इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है। जिस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो।

**नियुक्ति प्रक्रियाओं की ली जानकारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिये।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव प्रवीण टोप्पो, प्रशांत कुमार, कृपानंद झा, विप्रा भाल, मनोज कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्सी उपस्थित थे।

#### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

- झारखंड अल्पसंख्यक-सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करें।
- सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर वन पट्टा वितरण में गति लायें। सभी जिलों में वन पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो।
- अबुआ आवास योजना के तहत आवास का मॉडल डिजाइन तैयार करें। इसी डिजाइन के सभी आवास का निर्माण कराया जाये। अबुआ आवास में खपड़ा और टाइल्स का इस्तेमाल किया जाये।
- सरकार की जिन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवेदन मिले हैं , उन सभी की स्क्रुटनी कर प्रतीक्षा सूची तैयार करें, ताकि बाद में प्राथमिकता के आधार पर उसे योजना का लाभ मिल सके।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार -प्रसार किया जाये, ताकि लोगों तक उसकी जानकारी पहुंच सके। इसके लिए स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जाये। कोई भी व्यक्ति इस वजह से योजना से वंचित ना रहे कि उसे उस योजना की कोई जानकारी नहीं थी।

---

# सरयू राय ने सीएम से की घोटाले की जांच की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री पर घोटाला करने का आरोप लगाया। इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक अभ्यावेदन भी सौंपा। अभ्यावेदन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसियों का इंपैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया है। साथ ही एक माह के भीतर नये सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है। आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया। पूर्व से चल रही व्यवस्था को लागू रहने दिया। अब इनका इंपैनल्ड रद्द कर ये चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानव बल उपलब्ध कराने का काम चलता रहे। आश्चर्य है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कंपनी का पैनल मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया और मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकालकर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया। स्वास्थ्य मंत्री जानते हैं कि एक माह के भीतर निविदा निष्पादन संभव नहीं है, क्योंकि एक माह के भीतर चुनाव की घोषणा हो जायेगी। पहले से चल रही इस व्यवस्था को ही कायम रखने की साजिश स्वास्थ्य मंत्री कर रहे हैं। वस्तुतः यह बहुत बड़ा घोटाला है, जिसकी जांच मुख्यमंत्री करायें और अनियमितता होने से रोकें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# विधानसभा के मानसून सत्र में हंगामा

## हेमंत सोरेन हाय-हाय के लगे नारे, कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अनुबंध कर्मी समेत तमाम विषयों पर सदन में बोलना चाहिए। अगर पांचवें विधानसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन अगर मुख्यमंत्री बोलेंगे और चले जायेंगे, तो जनता के जवाब का प्रति उत्तर देने का कोई कार्य संचालन नियामवली हमारे पास नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री जो को आज ही बोलें।

उनकी मांग का समर्थन करते हुए बीजेपी के विधायक वेल में आ गये। बीजेपी के विधायक सदन के अंदर एक पोस्टर लेकर आये थे। इस पोस्टर में सरकार द्वारा किये गये वादों का जिक्र था। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर इस पोस्टर को मार्शल वापस लेने का प्रयास कर रहे थे। भाजपा विधायकों द्वारा सदन में पोस्टर लाने के विरोध में सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में आ गये। दोनों दलों के विधायक सदन में जोरदार हंगामा करने लगे। सदन में हेमंत सोरेन हाय-हाय के नारे लगे। हंगामे से नाराज स्पीकर ने सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# सीएम से मिला जमीयत उलेमा का शिष्टमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में जमीयत उलमा, झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति समेत अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उसका समाधान करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, हफीजुल, विधायक प्रदीप यादव, सुदिव्य कुमार सोनू, कल्पना सोरेन, जमीयत उलमा के जेनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मोहम्मद शहाबुद्दीन कासिमी, मंजर खान, सैयद खालिद उमर, मौलाना ए कासिमी, मौलाना रुस्तम मौजूद रहे।

## प्रदीप यादव के सवाल पर बोलीं मंत्री दीपिका

# अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र को भेजी जायेगी सुखाड़ की रिपोर्ट

राज्य में गठित होगा जल संसाधान आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के चौथे दिन विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण के जरिये राज्य में बन रही सुखाड़ की स्थिति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में सिर्फ 10 फीसदी धान की रोपायी हुई है। 20 फीसदी खेतों में ही सिंचाई की व्यवस्था है। सिंचित भूमि का प्रतिशत बढ़ाने से ही राज्य के किसानों को आर्थिक अभाव के कुचक्र से बाहर निकाला जा सकता है। राज्य में सुखाड़ की परिस्थिति बन गयी है। कृषि विभाग सिर्फ रूटीन वर्क ही कर रहा है। इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। इस पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कृषि विभाग सुखाड़ से निजात पाने की तैयारी कर रहा है। आकस्मिक हालात से निपटने के लिए कंटेनजेंसी प्लान तैयार है। विभाग मॉनिटरिंग कर रहा है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र को सुखाड़ की रिपोर्ट भेज दी जायेगी। वर्ष 2024-25 में विभाग ने मोटे अनाज के लिए 50 करोड़ निर्धारित किया है। इन दौरान बीजेपी विधायक 35 मिनट तक वेल में रहे और नारेबाजी की। इसके बाद स्पीकर ने दोपहर 12 बजकर 33 मिनट में सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**शिल्पी ने अबुआ आवास का मामला सदन में रखा:** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अबुआ आवास योजना का मामला सदन में रखा। कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने प्रभावी एसओपी तैयार किया है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में अनेक खामियां नजर आ रही हैं। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि इसे दूर करने के लिए कमेटी बनायी जायेगी, जिसमें डीसी और विधायक भी शामिल होंगे। जल्द इन खामियों को दूर कर लिया जायेगा।

### जल संसाधन आयोग का होगा गठन

जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने प्रदीप यादव के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए जल संसाधन आयोग का जल्द गठन होगा। इसके बाद रोड मैप तैयार किया जायेगा। पाइप लाइन से खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना पर काम हो रहा है। जल्द इसका परमानेंट समाधान किया जायेगा।

# हरमू नाला का ठेकेदार कौन था बतायें सीपी सिंहः मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच राजमहल और साहिबगंज में पेयजलापूर्ति को लेकर बहस चल रही थी। इस बीच सीपी सिंह ने पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से तांत नगर जलापूर्ति योजना की जानकारी मांगी। साथ ही संवेदक का नाम भी पूछा। इस पर पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हरमू नाला में कौन संवेदक था ये भी सीपी सिंह को बताना चाहिए। मैं खुद संवेदक को फोन करता हूं, उन्हें काम के लिए दबाव बनाता हूं। ये गलत नहीं है। मंत्री ने कहा कि संवेदक, इंजीनियर और सचिव के साथ बेहतर संबंध होना चाहिए। ताकि तालमेल से काम पूरा किया जा सके। सीपी सिंह ने कहा कि मुझे मंत्री की काबिलियत पर कोई शक नहीं है, लेकिन कनेक्शन देने का मतलब यह नहीं कि पानी मिल ही रहा हो।

**दिसंबर तक पूरी कर ली जायेगी जलापूर्ति योजना :** अनंत ओझा ने सदन में पेयजल मंत्री से पूछा कि राज्य में 62 लाख घरों तक जलापूर्ति किया जाना था। क्या साहिबगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजन के तहत 13 हजार घरों में जलापूर्ति हो रही है। इस पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की बराबर भूमिका है। इस योजना के लिए राज्य सरकार 60 प्रतिशत राशि दे रही है। पिछली सरकार में पौने पांच प्रतिशत भी काम नहीं हुआ था। आज विपरीत परिस्थिति में भी 54 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। विभाग के अनुसार राज्य में अब तक 33 लाख 75 हजार घरों तक पेयजलापूर्ति की जा रही है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा।

### पहली बारिश में गिर गयी जलमीनार

विधायक नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा के निमाडीह गांव में जलमीनार बनायी गयी था, लेकिन यह पहली ही बारिश में गिर गयी। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। विधायक मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर जलापूर्ति योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि 237 करोड़ की इस योजना में घपला हुआ है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# हेमंत सरकार 12000 बेरोजगारी भत्ता दे रही : सत्यानंद भोक्ता



सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी हंगामा जारी रहा। एक तरफ जहां बीजेपी के तमाम विधायक अपनी मांगों के लेकर सदन के अंदर धरने पर बैठे रहे। वहीं दूसरी तरफ सदन से निकले सत्ताधारी दल के नेताओं का कहना है कि बीजेपी का यह रवैया गलत है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सदन के सदस्य जब जो जवाब चाहे, वह नहीं मिल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी सवालों का जवाब दिया जायेगा। इसके बावजूद ये लोग सदन के अंदर बैठे हुए हैं। विपक्ष को नहीं पता कि हमने क्या वादा किया और क्या पूरा हुआ। कहा कि हेमंत सरकार लोगों को 12000 बेरोजगारी भत्ता दे रही और यह लोग 7000 और 8000 पर अटके हैं। विपक्ष को कोई काम नहीं है, इसलिए अंदर बैठे हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष का विशेष अधिकार है और इस पर कोई टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। सदन पक्ष और विपक्ष के मेल-जोल से चलता है, जिसका परिचय विधानसभा अध्यक्ष ने दिया। उमाशंकर अकेला ने कहा कि यह लोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जब सदन स्थगित हो गया, तो यह लोग कह रहे हैं कि हम यही घर बना लेंगे। आप सवाल भाषण के माध्यम से करें और मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम सारे सवालों का जवाब दे देंगे। इनमें धैर्य नहीं है, सिर्फ खंडन करने में यह लोग लगे रहते हैं। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि बीजेपी ने कटौती प्रस्ताव के वक्त अपने बारी में कोई हंगामा नहीं किया, लेकिन जब हमारी बारी आयी तो यह लोग हंगामा कर रहे थे। अगर ये लोग आसन पर पक्षपात का आरोप लगा रहे हैं, तो हम सभी चीजों का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), BHUBANESWAR
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
सिजुआ, डाक : डुमुडुमा, भुवनेश्वर (ओड़िशा)-751019

डीनएके–25016/1/2024–डीन एकेडमिक/0623 दिनांक: 30 जुलाई 2024

एम्स, भुवनेश्वर में ट्यूटर / डेमॉन्स्ट्रेटर की भर्ती

एम्स, भुवनेश्वर में एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर ट्यूटर/डेमॉन्स्ट्रेटर के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन (गूगल फॉर्म के माध्यम से) आमंत्रित किए जाते हैं।

रिक्तियों की संख्या : 52

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता, आदि), अपेक्षित शुल्क एवं अन्य विवरण, विज्ञापन संख्या: DEANAC-25016/1/2024-DEAN ACADEMIC/0609 दिनांक: 30 जुलाई 2024 के माध्यम से www.aiimsbhubaneswar.nic.in पर उपलब्ध हैं।

| आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | आवेदन समाप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 06.08.2024 (प्रातः 10.00 बजे) | 20.08.2024 (संध्या 05.00 बजे) |

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया अकादमिक अनुभाग, एम्स, भुवनेश्वर से संपर्क करें।
(ईमेल आईडी:acad_rectt@aiimsbhubaneswar.edu.in)
उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट www.aiimsbhubaneswar.nic.in देखते रहें।
स्वा/–
कुलसचिव
एम्स, भुवनेश्वर

## फ्री बालू योजना

# विपक्ष ने कहा-बालू है ही नहीं, तो राज्य सरकार देगी कहां से

# सत्ता पक्ष ने कहा-कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन नॉन टैक्स पेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा की थी। सत्र के चौथे दिन इसको लेकर विपक्ष ने हेमंत सरकार को घेरने की कोशिश की। वहीं सत्ता पक्ष के विधायकों ने हेमंत सोरेन के इस फैसले को बड़ा कदम बताया। नन टैक्स पेयर को मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने को लेकर भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। पहले भी सरकार ने इसी सदन में कहा था कि पंचायत के माध्यम से बालू उपलब्ध करायेंगे। मजदूर पलायन कर रहे हैं। शशिभूषण मेहता ने कहा कि जब भाजपा ने सरकार को घेरने का काम किया, तो फ्री बालू देने की घोषणा कर दी। अगर बालू फ्री में देना रहता, तो अब तक मिलना शुरू हो जाना चाहिए था। यह केवल पेपर और मीडिया में आया है। यह सरकार बालू उपलब्ध नहीं करा पायेगी। इनका इरादा ठीक नहीं है। कहा कि नदी से बालू चोरी कर धड़ल्ले से बेची जा रहा है। पहले बालू 300 रुपये ट्रैक्टर बिकता था, जो अब 12000 रुपये ट्रैक्टर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा से बालू मिल ही नहीं रहा है, मुफ्त में मिलना तो दूर की बात है।

### राज्य की जनता की आंखों में धूल झोंका गया: भानू प्रताप शाही



बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि आप एक मुट्ठी बालू लेकर दिखा दीजिए। झारखंड में बालू है ही नहीं। सरकार ने पूरी तरह से झूठ बोला है। जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। जब सरकार ने टेंडर ही नहीं कराया, बालू स्टॉक ही नहीं किया, तो बालू कहां से देंगे। भानू प्रताप शाही ने कहा कि 20 अक्टूबर के बाद ही टेंडर से लेकर स्टॉक करना और बालू मुहैया कराया जा सकता है, लेकिन तब तक तो सरकार की विदाई ही हो जायेगी। जनता समझ रही है कि आप झूठ बोलकर कर भागे हैं।

### फ्री में बालू देना झारखंड के लिए बड़ा कदम: दीपिका पांडे

वहीं सत्ता पक्ष की ओर से मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस योजना को झारखंड के लिए बड़ा कदम बताया। कहा कि झारखंड की कई योजनाएं चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, अबुआ आवास हो, मइयां सम्मान योजना हो, यहां से सीखकर अन्य राज्य भी इसका अनुशरण करेंगे। दीपिका ने नॉन टैक्सपेयर के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने वाली ऐतिहासिक योजना को लागू करने के लिए हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सीएम ने बालू वाली योजना की घोषणा की है। इस योजना के लिए जल्द सारी एसओपी तैयार की जायेगी, जो नॉन टैक्स पेयर हैं, जिनके अबुआ आवास पूरे नहीं हो पाये हैं, जो गरीब व्यक्ति हैं, उन्हें मुफ्त में बालू उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि उनका मकान बन सके। बन्ना गुप्ता ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि क्या बालू भाजपा वाले लोग पैकेट में भरकर ले गये हैं। बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है। बीजेपी वालों को कुछ तो बोलना होगा ना। इसलिए कुछ भी बोल रहे हैं। बन्ना ने सायराना अंदाज में कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना।

# जनजातीय भाषाई सर्वे का सीएम ने दिया आदेश: शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय भाषा के त्रुटिपूर्ण सर्वे को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया। तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही नये सिरे से निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पुनः सर्वे का आदेश सरकार द्वारा जारी किया जायेगा। उन्होंने बुधवार को कहा कि अनुबंध पर भाषाई शिक्षक नियुक्ति के लिए सरकार ने सर्वे का आदेश दिया, लेकिन उसके त्रुटिपूर्ण होने के कारण जिन क्षेत्रों में कुड़ुख भाषा-भाषियों की बहुतायत है, वहां भी उन्हें शून्य दर्शाया गया है और उक्त क्षेत्र के विद्यालयों में अन्य जनजातीय भाषाओं के शिक्षक की नियुक्ति के संदर्भ में अनुशंसा की गयी थी। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और इसी दौरान मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया। तिर्की ने कहा कि सभी जनजातीय भाषाओं और अपनी समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के प्रति वे समर्पित हैं।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand.

NOTICE INVITING TENDER

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for **"Repair and Extension of Boundary Wall of University Guest House at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand"**.

| S. No. | Tender ID | Activity | Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Id : DSPMU/G/604/24 dated 01.08.2024 | Publication of Tender Document in University Website | 01.08.2024 at 04:00 P.M. |
| 2. | | Last Date & Time for Submission of Tender Documents | 12.08.2024 till 04:00 P.M. |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website: - www.dspmuranchi.ac.in.

Memo No. : DSPMU/G/600&601/24
Dated : 01.08.2024

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi.

## कर्णपुरा कॉलेज में किया गया पौधरोपण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव टुकेश्वर प्रसाद द्वारा पौधरोपण किया गया। इन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने होंगे। प्राचार्य प्रो कीर्तिनाथ महतो ने सबको सामूहिक रूप से एक पेड़ मां के नाम लगाने की प्रतिज्ञा कराते हुए कहा की पर्यावरण और जीवन संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सुरेश महतो ने किया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पीएम नरेंद्र मोदी का प्रकृति सेवा और धरती मां के प्रति सम्मान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। पूर्व प्राचार्य प्रो ज्योति जलधर ने कहा कि एक पेड सौ पुत्र के समान होते हैं इसलिए सभी को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर मोहम्मद फजरूद्दीन, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी और प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, लेखापाल सनवीर कुमार, क्लर्क नेमधारी राम, अनिता देवी और स्वयसेवक लक्ष्मी कुमारी, राजू कुमार, विक्रम कुमार, राजकुमार, सदफ फातिमा, सबरीन खातून, सोनी कुमारी आदि मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनी मुंशी प्रेमचंद की जयंती



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रार्थना सभा में 31 जुलाई को कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट और युग प्रवर्तक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गयी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और शिक्षकों ने बारी-बारी से मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर साहित्य के विकास में उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर बच्चों ने भी उनके सपनों के भारत का निर्माण करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। बच्चों ने बिजली बचाने पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को बिजली की बचत करने और इसका दुरुपयोग रोकने का संदेश दिया। प्रार्थना सभा में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दिया गया। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, रूटिंग इंचार्ज दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, रजनी बाला, राकेश पांडेय, संजय तिवारी, रणजीत सिंह, रमेश कुंज, अनमोल रतन, संजय कुमार, मनोज कुमार सिंह, विशाल आनंद, विनय कुमार सिन्हा, शशि राज, सोमा पाल, कुणाल किशोर, हंसपाल कुमार, नीरज पांडेय, विक्रम कुमार, सतीश कुमार, सपना शर्मा, सुजीत प्रताप, कुंदन राणा, कुंतल जेठवा, चंदन पांडेय, सुनील पाठक, सीमा जैन, स्वाति कुमारी, अलका सिंह, जयप्रकाश सिंह, मनोज पांडेय सहित अन्य शिक्षक और शिकेत्तर कर्मी और कई बच्चे मौजूद थे।

## अरघोती नदी की दुर्दशा पर प्रभाकर सिंह ने किया दुख व्यक्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा भाजपा कोडरमा नगर पंचायत के पूर्व युवा अध्यक्ष सह समाजसेवी प्रभाकर कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए नगर पंचायत अंतर्गत बरसोतियाबर स्थित अरघोती नदी की दुर्दशा पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की यह नदी पुरे क्षेत्र का गौरव है। यहां दाह संस्कार जैसे पुण्य का काम होता है और पूरे नगर के अलावे अगल बगल के ग्रामीणों के द्वारा भी शुभ कार्यों मे इस नदी के जल से ही कलश भरा जाता है। मगर बहुत दुख की बात है की आज नदी का अस्तित्व मिटने के कगार पर है। नदी से नाला मे तब्दील होते जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर इसका जिम्मेवार कौन है। संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुआ, साथ ही स्थानीय प्रतिनिधि चाहे नीचे स्तर के हों या ऊपर स्तर के कोई भी ईस समस्या के प्रति गंभीर नही हैं, अगले तीन माह बाद हिन्दुओं का महान पर्व छठ पूजा आने वाला है। स्थानीय विधायक नीरा यादव भी इसी छठ घाट पर अर्ध्य देने पहुंचती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस नदी के किनारे कुछ जानवर भी बंधे रहते हैं जिनका मलमूत्र भी इसी नदी मे बहते रहता है जिसके कारण पानी काफी दूषित व बदबूदार हो गया है, जो जांच का विषय है। उन्होंने नगर पंचायत पदाधिकारी समेत उपायुक्त कोडरमा से आग्रह किया है कि इस समस्या का पूर्ण समाधान करने की पहल करें। साथ ही स्थानीय विधायक भी इस पर संज्ञान लेने का काम करें और पुलिस पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखा जाये अन्यथा आए दिन आमजनों के साथ ही छठ महापर्व मे व्रतियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर को पौधरोपण



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** मंजुला शर्मा +2 मेमोरियल स्कूल परिसर में बुधवार पर्यावरण संरक्षण को लेकर को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला वन क्षेत्र पदाधिकारी रविंद्र कुमार, निदेशक रजनी शर्मा मौजूद थे। पौधारोपण करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़ पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेड़ पौधों की अत्यधिक कमी से पर्यावरण चक्र में काफी विसंगतियां उत्पन्न हो गयी हैं। जिससे जीव जगत के जीवन पर संकट आ गया है। उन्होंने बच्चों से अपनी छोटी या मोती आदतों में सुधार कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। बच्चों से अपील करते हुए उन्होंने कहा यदि आप पिकनिक स्पॉट या पर्यटन के लिए जाते हैं द प्लास्टिक पॉल्यूशन ना फैलायें। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रकृति अपने पास कुछ नहीं रखती है। आप पर्यावरण में प्रदूषण करते हैं तो प्रकृति विभिन्न माध्यमों से वह आपके पास ही भेज देती है जिसे आप विभिन्न प्रकार की बीमारियों और समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। वहीं वन क्षेत्राधिकार रविंद्र कुमार ने सरकार द्वारा पर्यावरण संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ माता के नाम लगाने तथा औरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की कही। मौके पर प्राचार्य रामप्रवेश पांडे, शिव कुमार, रीता कुमारी, राकेश रौशन, राजन कुमार, अलख सिंह, अमृता सिंह, प्रिया सिंह, प्रीति कुमारी चौधरी, रिया सिंह, एहसान अली समेत विद्यालय की छात्रा अनुष्का एजेल, अनुष्का मेहता, मांडवी कुमारी, जिशु कुमारी, स्नेहा कुमारी, शालिनी कुमारी, भूमिका रानी, रिया कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### हजारीबाग के पूर्व डीएसइ ने नहीं दिया प्रभार

# गढ़वा से आये नये डीएसइ आकाश कुमार ने स्वतः ग्रहण किया प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** नया समाहरणालय स्थित डीएसई आफिस में बुधवार को दिनभर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। जैसे ही गढ़वा से ट्रांसफर होकर चार्ज लेने के लिए नये डीएसइ आकाश कुमार आये पूर्व डीएसइ संतोष गुप्ता उनका स्वागत करने की जगह सरकारी दफ्तर में ताला बंद करा यह कहते हुए निकल गये कि चार दिनों के बाद प्रभार देंगे। प्रभार लेने और योगदान देने हजारीबाग आये नये डीएसई आकाश कुमार ने सरकारी आदेश का हवाला दे आज ही प्रभार सौंपने को कहा। लेकिन पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता निकल वहां से चलते बने। कोई चारा नहीं देख आकाश कुमार डीइओ प्रवीण रंजन के पास गये। फिर डीसी से मिल स्वतः प्रभार ग्रहण करने की अनुमति मांगी। इस बीच संतोष गुप्ता कोई रजिस्टर लेने आए और जैसे ही दफ्तर का ताला खुलवाया, डीएसई ने चार्ज एज्युम कर लिया। फिर क्या था, पूर्व डीएसई को कुछ नहीं सूझा, तो शिक्षकों की काउंसिलिंग के लिए डीएसइ आफिस में बेंच लगवाने लगे। सरकार के ट्रांसफर लेकर काउंसिलिंग का जिक्र है कि डीएसई काउंसिलिंग करेंगे। ऐसे में अब काउंसिलिंग की जिम्मेवारी डीएसई की है, अन्यथा सरकार ने जिन शिक्षा पदाधिकारियों के तबादले का आदेश पत्र जारी किया है, उसमें काउंसिलिंग का जिक्र ही नहीं होता। दरअसल किसी को तनिक अनुमान नहीं था कि सरकार का फरमान जारी होते ही डीएसई प्रभार लेने आ जाएंगे। पूर्व डीएसई को संभालने का मौका ही नहीं मिला।

## बजरंग दल कार्यकर्ता सम्मान समारोह 3 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बजरंग दल के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह 3 अगस्त को शहर के पैराडाइस रिसॉर्ट में होगा। संगठन के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक नगर और सदर के कार्यकर्ताओं के साथ पैराडाइस रिसॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बजरंग दल जिला संयोजक ने बताया आगामी 3 अगस्त को बजरंग दल के द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन संगठन के द्वारा किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य फिर से संगठन में एक नई शक्ति और ऊर्जा के संचार के साथ ही संगठन के कार्यों को गति देना है। इस कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे जिले के कार सेवक, संगठन के पूर्व सदस्य, वर्तमान सदस्य और दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बहने सम्मिलित होगी। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख उमेश गुप्ता, जिला गौ रक्षा प्रमुख अभिनव कुमार , जिला मिलन प्रमुख सुमन पांडे, सदर प्रखंड संयोजक सोनू कुमार, सह संयोजक मुकेश यादव आदि उपस्थित थे।

## मवेशी लदा वाहन किया गया जब्त

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि वरिय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार ज्ञात हुआ है कि अज्ञात वाहन से मवेशी जा रहा है। पुलिस जवानों के साथ लगभग 11 बजे दिन बेको पंचायत अंतर्गत ग्राम अमजो में एक टेम्पु पकड़ा गया। टेम्पु नम्बर जेएच10 बी एम 3964 में दो गाय लदा पाया गया। पुलिस को देखते ही चालक, मालिक भाग निकले। थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि टेम्पु मालिक तथा चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

### सिरमा पंचायत में आजसू का मिलन समारोह

# कई अल्पसंख्यकों ने थामा पार्टी का दमन

**सबका साथ समग्र विकास हीं लक्ष्य: रोशनलाल चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा के सिरमा पंचायत के पंडरिया ग्राम में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा और संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने आजसू नेता रौशन लाल चौधरी का जोरदार अभिनंदन किया। आयोजित मिलन समारोह में मो अजहर और अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बू खान के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के प्रति आस्था जताते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। आगंतुक सभी सम्मानित सदस्यों का रोशनलाल चौधरी ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। तमाम सदस्यों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव अब उज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा। बड़कागांव में परिवर्तन के साथ आजसू का नेतृत्व आयेगा। अगले विधानसभा चुनाव में जीत के पश्चात स्थानीय युवाओं को अपने विधानसभा क्षेत्र में हीं रोजगार की व्यवस्था करेंगे।

**आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में:** मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अनवर, मोहसिन, मुदस्सर, अकबर, अकरम, सकरुद्दीन, हसन अनवर, जासिब, अकरम राजा, शाहबाज, कमरे आलम, सोनू राजन, तमीम, शाहील, दिलदार, तौफील, अफरीदी, तनवीर, फूल, कादिर, मेराज, आशिक, लडन, अल्ताफ, जुनैद, मेजाज, मेराज, सब्बू खान, सनाउल्लाह, नुरैन, समसी, गुफरान, अरहान, दानिश, साबिर अख्तर, साने अली, साकिब, नाजिस, नवाजिश, अकमल, कमर राजा, अरशद अली आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, लीलारधन साव, संदीप कुशवाहा, प्रखंड सहसचिव घनश्याम दांगी, दिनेश महतो, मोहम्मद अहमद इत्यादि आजसू कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

# बड़कागांव में चलाये जा रहे दर्जनों अवैध नर्सिंग होम

**शिकायत सभी के विरुद्ध पर कार्रवाई एक पर ऐसा क्यों?**

**कार्रवाई के नाम पर दौड़ाये जाते हैं सिर्फ कागजी घोड़े**

पिन्टू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में दर्जनों फर्जी अल्ट्रा साउंड सेंटरों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। इन अवैध कारोबार को ना कोई रोकने वाला है और न ही कोई टोकने वाला। लिहाजा लापरवाही की वजह से आये दिन जच्चा बच्चा की मौत होती रहती है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि अवैध अल्ट्रा साउंड सेंटरो पर जब कभी स्वास्थ्य विभाग की टीम निरीक्षण करने के दौरान संबंधित टीम सख्त रुख अख्तियार तो करती है लेकिन सिर्फ दिखावे के लिये। बाद में पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। बड़कागांव के कई अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर है जिनमें प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं होने के वजह से गलत रिपोर्ट भी मरीज को दे दिया जाता है। जिसके वजह से जच्चा-बच्चा और मरीजों की मौत हो जाती है। इसी का कारण है कि आज बड़कागांव प्रखंड में सेक्स रेश्यो काफी घट गया है, और तो और यहां मरीजों और परिजनों के साथ की मनमानी की जाती है नर्सिंग होम के संचालक मरीजों और उनके परिजनों के साथ मनमानी करते हैं। पीड़ित परिवार द्वारा जब हो हंगामा किया जाता है तो पीड़ित व्यक्ति के रिश्तेदारों पर राजनीतिक प्रभाव का भी इस्तेमाल करते है और केस मुकदमा नहीं हो इसके प्रयास में जुट जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ऐसे फर्जी संचालकों पर कब तक कार्रवाई नहीं करती है यह देखना होगा?

**हजारीबाग की को लिखित आवेदन देने के बावजूद भी नहीं हुआ कार्रवाई:** ज्ञात हो कि बड़कागांव अस्पताल के आसपास एवं सहित अन्य जगहों में संचालित अवैध अल्ट्रा साउंड सेंटरों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों को भी है। लेकिन वे नजर अंदाज करके चल रहे हैं। बताते चले की अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की लिखित शिकायत हजारीबाग मुख्य शल्य चिकित्सक पदाधिकारी को 5/06/2024 को दिया गया है और इस लिखित शिकायत में कौन से सेंटर कहां पर संचालित है सभी अंकित है बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक संचालित सिर्फ और सिर्फ एक केंद्र पर छापामारी कर सील कर दिखावा किया गया और दर्जनों अवैध अल्ट्रासाउंड अभी संचालित है। अब इससे यही साबित होता है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े ही दौड़ाये जाते हैं। इन संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से विभागीय अधिकारियों पर साठगांठ के आरोप भी लगाये जाने लगे हैं। साथी साथ कुछ लोगों का यह भी कहना है कि इन अवैध अल्ट्रासाउंड के संचालकों द्वारा बड़कागांव स्वास्थ्य विभाग सहित आला अधिकारियों तक मासिक नजराना पेश किया जाता है।

### कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने की थी कार्रवाई

**ज्ञात हो की हजारीबाग मुख्य शल्य चिकित्सा पदाधिकारी के पास लिखित शिकायत करने के बाद बड़कागांव और केरेडारी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़गांव में एक और केरेडारी में एक अवैध अल्ट्रासाउंड को बंद किया था बाकी अन्य जगहों पर जाना भी मुनासिब नहीं समझा। इस कार्रवाई के बाद बड़कागांव के लोगों में दबे जुबान से यह आवाज निकालने लगी कि आखिर एक पर कार्रवाई और बाकी को आजादी क्यों क्या है इसका कारण? इस संबंध में बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि फिलहाल मेरा पदस्थापन श्रावणी मेला को लेकर दुमका में हो गया है। डीसी मैडम का भी सख्त आदेश है। इधर से आते ही निश्चित रूप से सभी पर कार्रवाई किया जायेगा।**

### कहां कहां है नर्सिंग होम

**बड़कागांव अस्पताल के आस-पास , बड़कागांव थाना के बगल में एक, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के बगल में, सांढ़ में होरम मोड़ के पास, हजारीबाग रोड एचपी पेट्रोल पंप के बगल में, बड़कागांव हजारीबाग रोड में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, एक्सिस बैंक के नीचे, बसरिया मोहल्ला में सहित अन्य जगहों पर ये सभी अवैध अल्ट्रा साउंड संचालक सभी मानक को दरकिनार कर मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।**

## प्रदीप प्रसाद ने आराध्या को किया सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता कोलकाता इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था, जिसमें हजारीबाग शहर के कोलघट्टी निवासी आराध्या राय अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल की। आराध्या ने न केवल झारखंड सहित हजारीबाग का नाम रौशन किया है। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने आराध्या राय को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टिकोण से पौधा और अंग वस्त्र देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर आराध्या के माता-पिता भी मौजूद रहे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रदीप प्रसाद ने कहा की आप अपने प्रगति और लक्ष्य की और हमेशा केंद्रित रहिये हम सभी आपके साथ सदैव खड़े हैं। साथ ही कहा कि बच्चे को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बहुत-बहुत बधाई और उसकी कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना करता हूं उन्होंने कहा कि ऐसे युवा हमारे समाज और देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता से हमें प्रेरणा मिलती है।

## पार्टी ने मौका दिया तो लडूंगा विधानसभा चुनाव : दामोदर सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 25 साल से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता आ रहा हूं। अगर पार्टी ने मौका दिया तो सदर विधानसभा से चुनाव लडूंगा। उक्त बाते भाजपा नेता दामोदर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता हूं और पार्टी के लिए 24 घंटा खड़ा रहता हूं। अपने आप को जन सेवा के रुप में सर्व प्रथम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर 1987 से 1994 तक कार्य किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर छोटे-बड़े दायित्वों को निभाते हुए हजारीबाग जिला के जिला प्रमुख रहे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने के बाद बड़कागांव प्रखंड के सिन्दुवारी पंचायत अध्यक्ष, प्रखंड का दायित्व का निर्वहन करते हुए हजारीबाग जिला में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति, हजारीबाग जिला में जिला मंत्री, विधि प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया हूं। दामोदर सिंह जन समस्याओं को लेकर मुखर रहते हैं साथ ही जनता की समस्या को निदान करने में अपना योगदान देते हैं। दामोदर सिंह पेशे से वकील होने के बाद भी पार्टी का हर कार्यक्रम में पुरे तन मन से प्रत्येक दायित्वों का निर्वहन करने में लगे रहते हैं।

## केरेडारी में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के सफल संचालन के लिए बैठक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार समाज कल्याण सह सामाजिक सुरक्षा के आदेशानुसार प्रखंड सभागार कक्ष में एक आयोजित बैठक की गयी जिसमें झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना सुचारू रूप से संचालन क्रियान्वयन और आवेदन पत्र की आपूर्ति और वितरण संबंधी समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने किया बैठक में अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरीका महतो, प्रखंड के सभी मुखिया और पंचायत समिति, आंगनबाड़ी सेविका, बीएलओ के अलावा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे। विदित हो की इस योजना में 21 साल से 50 साल की महिलाओं को महीना 1000 सम्मान राशि दिया जायेगा और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे सभी सुचारू रूप से क्रियान्वयन करें और अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाये। सरकार के निर्देशों की जानकारी दी गयी। साथ ही सभी सेविका को केंद्र वार 100 फार्म उपलब्ध कराया गया। सभी सेविका योग्य लाभुकों के घर घर जाकर 1 अगस्त से 2 अगस्त तक फार्म का वितरण करेंगी। वहीं 3 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत भवन मे शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। शिविर के बाद भी आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## युवक के खाते से अवैध निकासी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा निवासी सुरेश प्रसाद पिता इंद्रनाथ महतो के खाता संख्या 38204267319 से दो दिनों में 45630 रुपये की अवैध निकासी हो गया है। यह राशि 29 जुलाई को 5000 और 30 जुलाई को 40630 रुपये की निकासी हुआ है। यह राशि का ट्रांसफर चेक संख्या 4897690162095 से हुआ है। सभी राशि का निकासी तीन बार में हुआ है। भुक्त भोगी सुरेश प्रसाद ने बताया कि एक बार जब निकासी हुआ तो पता नहीं चला लेकिन जब हम दुसरे दिन बैंक जाते रहा तब सारा राशि का निकासी हो गया। इस संबंध ने भुक्त भोगी ने टाटीझरिया थाना और भारतीय स्टेट बैंक झरपो में आवेदन देकर गुहार लगाया है।

## विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब कोडरमा यूथ विंग के द्वारा दिनांक 2 अगस्त शुक्रवार को शिव वाटिका में विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेगा फैट में कई प्रकार के सामानों के आकर्षक स्टॉल लगाये जायेंगे रोटरी यूथ विंग के सदस्यों ने बताया कि दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक यह विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन होगा। इस सावन मेला में छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों के समान मिलेंगे कई प्रकार के गेम्स और मनोरंजन के साधन होंगे लकी लोगों को ड्रॉ के द्वारा उपहार भी दिये जायेंगे। कपड़ा खिलौना राखी कैंडल्स बेकरी म्यूजिक संगीत कॉस्मेटिक समान आधुनिक साड़ी और खादी के कपड़े के विभिन्न स्टाल और खाने पीने के लजीज व्यंजन स्टॉल लगाये जायेंगे स्थानीय लोगों के अलावा बाहर के शहर के लोगों के द्वारा भी स्टॉल लगाये जा रहे हैं पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी रोटेरियन नवीन जैन ने बताया कि इस सावन मेला में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए गृह उद्योग और भारतीय संस्कृति की छाप नजर आयेगी पिछले वर्ष भी यूथ विंग के सदस्यों के द्वारा विशाल मेगा फैट का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई थी जो पूर्ण रूप से सफल रहा था आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द के इस सावन मेला में इस बार भी उम्मीद है की अधिक से अधिक लोग इस सावन मेला में आकर आनंद लुत्फ उठायेंगे इस आयोजन को सफल बनाने में प्रतीक जैन गौरांग पुजारा शैलेश दारूका, आशीष छाबड़ा, राहुल मोदी, मनीष पेड़ीवाल, मनीष गंगवाल, मनीष अग्रवाल, ईशान सेठी, विपुल बगड़िया, आशीष खेतान आदि लोग लगे हुए हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि बुधवार को पतरातू का दौरा किया। सबसे पहले अपर समाहर्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का औचक निरीक्षण किया। अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू आने की सूचना से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। अपर समाहर्ता द्वारा निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई कमी को देखते हुए। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार भी लगायी, और डॉक्टर सहित कई स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाये गये। इस पर उन्होंने अनुपस्थित पंजी में कई स्वास्थ्य कर्मियों को अनुपस्थित कर दिया। उसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया, और विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया।

## सयाल परियोजना को ऑल इंडिया सेफ्टी प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया सेफ्टी प्रतियोगिता में सयाल परियोजना को प्रथम पुरस्कार मिला है। इससे इनमोसा सहित अधिकारियों व कर्मियों में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर कहा गया कि बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार व सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकाश कुमार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सयाल डी परियोजना के समस्त माइनिंग स्टाफ के कड़ी मेहनत के फलस्वरूप ऑल इंडिया सेफ्टी प्रतियोगिता में सयाल परियोजना को फर्स्ट पुरुस्कार मिला है। इस अवसर पर बुधवार को इनमोसा बरका-सयाल क्षेत्र की ओर से महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, सयाल पीओ सुबोध कुमार और सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकाश कुमार को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए इस अवार्ड के लिए बधाई दी गई। बधाई देने वाले में बरका-सयाल के अध्यक्ष विकाश कान्त सिन्हा, सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह, बिरसा परियोजना के सचिव अनूप कुमार, सयाल के अध्यक्ष बलराज फुलूड़िया, सचिव गिरजा शंकर सिंह, बरका-सयाल क्षेत्र के क्षेत्रीय कमेटी के पवन कुमार झा, गुप्तेश्वर कुमार, बिनोद कुमार भगत, महेश प्रसाद, अनूप कुमार, भूरकुंडा कोलियरी के सदस्य अनुज कुमार, महावीर कुमार, जयराम, शशि रंजन आदि मौजूद थें।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक किया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गयी। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में आयोजित होगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड समेत अन्य कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर, पेयजल तथा लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य व्यवस्था करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने फांसी तालाब और रेड क्रॉस में झंडोत्तोलन की तैयारियां करने, कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को ससमय कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहने समेत अन्य को लेकर भी निर्देशित किया गया। समाहरणालय परिसर में 8 बजे, शहीद स्मारक फांसी तालाब में 8:15 बजे, पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेड़कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:25 बजे, रेड क्रॉस में 8:30 बजे, मुख्य समारोह स्थल जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 बजकर 5 मिनट पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार पंडित द्वारा आधारभुत संरचना और अन्य प्रक्षेत्र से संबंधित योजनाओं के बारे मे विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण योजनाओं को अनुमोदित किया गया और योजनाओं का प्राक्लन तैयार कर कार्यकारी एजेसियों को समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## देवलाल यादव ने बालू फ्री होने पर हेमंत सरकार के साथ सत्यानंद भोक्ता को दी बधाई



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव ने झारखंड में बालू फ्री होने पर हेमंत सरकार के साथ कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य में चहुंमुखी विकास कर रही है और मंत्री सत्यानंद भोक्ता का विकास कार्य धरती पर दिखाई दे रहा है। पिछले सरकार ने विकास के नाम पर गरीब लोगों को छला और जनता को धोखा देकर सिर्फ वोट लिया है। पिछले बीस वर्षों के दौरान क्षेत्र में एक भी रोड नहीं बना और ना ही गरीब किसानों के लिए कोई सुविधा दी गयी। जबकि हेमंत सरकार के नेतृत्व में गरीब किसानों के लिए अनेक कार्य किये गये हैं। किसानों को दो लाख रुपये तक कृषि ऋण माफ किया जा रहा है। बिजली घरेलू उपभोक्ता को दो सौ यूनिट तक फ्री दिया जा रहा है। इसके अलावा अबूआ आवास, छात्रों को फ्री साइकिल, 21 वर्ष से 49 वर्ष तक के महिलाओं को एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, वृद्धा पेंशन राशि दिया जा रहा है। झारखंड सरकार ने प्रखंड में डेढ़ हजार अबुआ आवास बना दिया है, और इस वर्ष 5856 आवास दिये जाने का लक्ष्य रखा है। वहीं पूरे प्रखंड में पीसीसी रोड का जाल बिछा दिया गया। बरहगावां रोड़ में वर्षो से उपेक्षित पतसुगीया नदी में पुल, दर्जनों गांव में छोटा पुलिया के अलावा जोरी में आइटीआइ कॉलेज, विभिन्न हाई स्कूलों में बिल्डिंग सहित अनेकों कार्य किया जा रहे हैं। राशन कार्ड धारी को साल में धोती साड़ी, प्रत्येक महीना में एक किलो दाल, नया राशन कार्ड सहित अन्य कार्य किया जा रहे हैं। पूरे झारखंड में बालु फ्री कर लोगों को दिल जीत लिया है।

### 22वां क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का रामगढ़ में हुआ शुभारंभ

# अपराध अनुसंधान के गुर सीखने के लिए यह अच्छा अवसर: एसपी

**तीन दिनों तक पुलिस पदाधिकारी अपराध अनुसंधान के गुर सीखेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ में बुधवार को 22 वां क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट की शुरुआत हो गयी है। 2 अगस्त तक चलने वाले इस पुलिस ड्यूटी मीट में कई जिलों के पुलिस पदाधिकारी ने हिस्सा लिया है। तीन दिनों तक पुलिस पदाधिकारी अपराध अनुसंधान के गुर सीखेंगे। यह बातें कार्यक्रम की उद्घाटन के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कही। एसपी ने बताया कि वर्तमान परिवेश में अपराध का दायरा काफी बड़ा हो गया है। बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी भी अपराधी को दोषी करार देना काफी मुश्किल है। अपराधी कई नये तरकीब अपनाते हैं, लेकिन पुलिस को घटनास्थल से साक्ष्य कैसे जुटाना है यह तकनीक सीखनी है। इसके अलावा साक्ष्य जुटाने में वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल कैसे करना है, यह सीखना भी बेहद जरूरी है। पदाधिकारी जब प्रशिक्षण ग्रहण कर लेंगे तो अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने में उन्हें काफी आसानी होगी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराध अनुसंधान विभाग के सहायक निदेशक ब्यूरो संतोष सुधाकर, राजनीति विज्ञान प्रयोगशाला के सहायक निदेशक डॉ आदित्य विक्रम गौड़, वैज्ञानिक सहायक संदीप कुमार, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस निरीक्षक असित कुमार मोदी, फोटो ब्यूरो अपराध अनुसंधान विभाग के दिलीप कुमार महतो, स्वान दस्ता अपराध अनुसंधान विभाग के एतवा उरांव के द्वारा पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के रामगढ़, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा और चतरा जिले से चयनित होकर आये पुलिस पदाधिकारी और आरक्षियों को यहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पुलिस ड्यूटी मीट में सीआइडी, एफएसएल के टीम के द्वारा भाग लेने वाले पुलिस टीम की परीक्षा भी ली जानी है। इस परीक्षा में जो भी टीम चयनित होंगे, उनको पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस मौके पर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, सार्जेंट सनी कच्छप, मीडिया सेल प्रभारी उपेंद्र कुमार मौजूद थे।

## सड़क हादसे में रामगढ़ नप जेइ की मौत, भाजपा कार्यकर्ता घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** क्षेत्र के भाजपा जिला कार्यालय दिगवार के पास अवैध बाईपास कट पर स्कॉर्पियों और बाइक की जोरदार टक्कर में रामगढ़ नगर परिषद में कार्यरत जेई रोहित रमण दास (28वर्ष) पिता हिरू लाल दास की मौके पर मौत हो गयी। वही, दिगवार काली मंदिर निवासी सह भाजपा कार्यकर्ता विनोद प्रसाद (42 वर्ष ) पिता चरकू महतो गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए परिजनों द्वारा स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ नगर परिषद में तैनात जेई रोहित रमन दास और दिगवार निवासी विनोद कुशवाहा हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 02 एए 1732 पर सवार होकर मापी कार्य को लेकर दोनो साथ में रामगढ़ से दिगवार की ओर आ रहे थे। इस दौरान उक्त स्थल पर विपरीत रोड पार करने के क्रम में हजारीबाग की ओर से रांची की ओर जा रही स्कार्पियों संख्या जेएच 02 एजे 7884 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक पर सवार जेई रोहित रमन दास की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि भाजपा कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची कुजू पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है। साथ ही, मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, घटना के बाद स्कार्पियों सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। बताया जा रहा है की मृतक रोहित मूल रुप से बोकारो सेक्टर टू का रहने वाला था।



## मांडू में एक सौ बोरी कोयला जब्त

**मांडू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत पुंडी परियोजना में सीसीएल सुरक्षा विभाग और मांडू पुलिस ने बुधवार को संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक सौ बोरी कोयला जब्त किया है। पुलिस और प्रबंधन की इस कार्रवाई से ग्रामीण काफी आक्रोश में दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि हम गरीब कोयला इकट्ठा कर अपने भरण पोषण के लिए साइकिल से ढोकर इधर-उधर बेचते हैं। जिससे दो टाइम का भोजन की व्यवस्था कर पाते हैं। ऐसे में बेरोजगारी व भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। जिसके कारण प्रबंधन और पुलिस को जब्त कोयला को उठाने मे काफी मशक्कत करना पड़ा। बताया जाता है कि इन दोनों क्षेत्र में चोरी छुपे कोयले की अवैध तस्करी हो रही है। जिसको लेकर कोयला तस्करों द्वारा परियोजना के सुल्तान खाप खदान से चोरी कर कोयला झाड़ियों के पीछे छुप कर रखा गया था। जिसकी सूचना मिलने के बाद सीसीएल सुरक्षा विभाग ने पुलिस के सहयोग से बुधवार को सुल्तान खाप खदान से सटे स्थान पर छापामारी कर सौ बोरा कोयला जब्त करने में सफलता मिला है।

## भू-माफियाओं पर गिरी गाज, 25 जीएम भूखंड की जमाबंदी रद्द

**जीएम खास किस्म जंगल भूमि की जमाबंदी करने वाले कर्मियों व पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में भू-माफियाओं की पर डीसी चंदन कुमार ने एक बार फिर गाज गिरायी है। अंचल के कर्मियों और पदाधिकारियों से मिलकर भू-माफियाओं ने जितने गुल खिलाये थे, उन पर बड़ी कार्रवाई हुई है। डीसी चंदन कुमार ने 25 गैर-मजरुआ खास किस्म जंगल की जमाबंदी को रद्द कर दिया है। साथ ही रजिस्टर टू में कायम जमाबंदी को डिलीट करने का आदेश दिया है। डीसी सिर्फ इस कार्रवाई तक ही नहीं रुके। उन्होंने जमाबंदी कायम करने में संलिप्त कर्मियों और पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई करने का आदेश जारी कर दिया है।

**राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग ने की संपुष्टि :** अलग-अलग प्रखंडों में विभिन्न स्थलों पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित कुल 25 मामलों में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा की गयी सुनवाई के आलोक में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची द्वारा सभी 25 संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करने हेतु संपुष्टि प्रदान कर दी गयी है। जिसके उपरांत उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों को जमाबंदी कायम करने में दोषी, संलिपित कर्मियों, पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अनुशंसा सहित उच्च माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है।

**ग्लोब और वैष्णवी प्लांट की जमाबंदी होगी डिलीट:** वैष्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड सुनील बंसल रउता थाना संख्या 146 खाता संख्या 29 प्लॉट संख्या 65 2.85 एकड़, ग्लोब स्टील फैक्ट्री एंड अलायंस प्राइवेट लिमिटेड कृते तिलक राज मेवाड़ रौता थाना संख्या 146, खाता संख्या 29/85 प्लॉट संख्या 325, 2 एकड़ की जमाबंदी रद्द हो गयी है। इनकी जमाबंदी रजिस्टर टू से भी डिलीट कर दी जायेगी।

**विभाग ने संबंधित जमाबंदी को रजिस्टर 2 से डिलीट करने का आदेश दिया:** गौरतलब होकि उक्त सभी संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामलें संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रामगढ़ के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गयी मामले में आगे की कार्रवाई के क्रम में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार, रांची द्वारा संबंधित जमाबंदी रद्द करने को अनुमोदन दिया गया।

### रामगढ़ में आजसू युवा मोर्चा की बैठक, कमेटी का गठन

## वार्ड 26 के अध्यक्ष प्रहलाद और 27 के अध्यक्ष बने अरविंद

**युवा राजनीतिक से जुड़कर समय और समाज को सही दिशा दें: राजेश महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू युवा मोर्चा केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर आजसू युवा मोर्चा रामगढ़ ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 और 27 की संयुक्त रूप से बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रहलाद कुमार और संचालन अजय आस्था ने किया। जबकि बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश युवा मोर्चा के संयोजक सह रामगढ़ जिला प्रभारी राजेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो, वार्ड पार्षद रोशन कुमार, जिला सह प्रभारी और रामगढ़ नगर परिषद प्रभारी नीतीश निराला और नगर परिषद प्रभारी मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक के वार्ड कमेटी गठन करने को लेकर विचार विमर्श के बाद वार्ड 26 और 27 कमेटी का गठन किया गया।

**युवा राजनीतिक से जुड़कर समय और समाज को सही दिशा दें: राजेश महतो:** बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक राजेश कुमार महतो ने कहा कि गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा के साथ गुणवत्ता पूर्वक राजनीतिक समय की मांग है युवा राजनीतिक से जुड़कर समय और समाज को सही दिशा दे सकते हैं उन्होंने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंड और पंचायत स्तर तक कमेटी की गठन की जायेगी। वहीं, नगर परिषद प्रभारी नीतीश निराला ने कहा कि युवा मोर्चा आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी अग्रिम भूमिका निभायेगी और युवाओं को जो झारखंड सरकार के द्वारा ठगने का काम किया गया है, आने वाला समय में आजसू पार्टी के युवा नेता उसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

**वार्ड 26 के अध्यक्ष प्रहलाद व 27 के अध्यक्ष अरविंद नायक बने :** बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 27 कमेटी का गठन किया गया। जिसमें, अध्यक्ष अरविंद नायक, सचिव सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष विक्की साव, प्रवक्ता अमित चौधरी, उपाध्यक्ष विकास कुमार, दिलीप कुमार, नागेंद्र राम, सहसचिव राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, अभिषेक चौधरी, आकाश कुमार, जितेंद्र कुमार बनाये गये। वही, वार्ड नंबर 26 के अध्यक्ष प्रहलाद कुमार, सचिव रोमियो कुमार, कोषाध्यक्ष विशाल महतो, प्रवक्ता रोहित करमाली, उपाध्यक्ष अजय कुमार, कन्हाई कुमार, उमेश कुमार महतो, रोहित कुमार, तारा कुमार, अभिषेक कुमार, महतो, रोहित करमाली, नीतीश करमाली, राज करमाली, सहसचिव संदीप करमाली, इंद्रजीत कुमार, रवि कुमार, बंटी करमाली बनाये गये।

**ये थे उपस्थित**

बैठक में नगर परिषद संयोजक राजेश कुमार, अजय आस्था, दयानंद कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, प्रकाश कुमार, लक्ष्मीकांत कुमार, जीवन महतो, विकी साहब, विजय महतो, प्रेम मुंडा, मनोज कुमार, सुजीत कुमार आदि सैकड़ों युवा उपस्थित।

## मांडू में छात्रों को दी गयी साइकिल



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर, मांडू में बुधवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, बीसीओ मधुसूदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से उमवि काशीखाप के छात्र 6 और छात्रा 11, उमवि गरगाली के छात्र 6 और छात्रा 8, उमवि उर्दू मांडू के छात्र 9 और छात्रा 2, राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडू के छात्र 32 और छात्रा 39, उमवि गोविंदपुर के छात्र 13 और छात्रा 6, उमवि फागुटोला के छात्र 1 और छात्रा 2, उमवि रंगुबेड़ा के छात्र 1 व छात्रा 5 और उमवि हेसागढ्ढा के छात्र 10 और छात्रा 15 कुल 166 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया अनिता देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, छोटेलाल भुइयां समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

## कांग्रेस पंचायत कमेटी का हुआ गठन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सयाल के पंचायत में कांग्रेस कमेटी का गठन दिन बुधवार को किया गया। उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज शामिल हुए। इस दौरान विकास कुमार को पंचायत अध्यक्ष, शिवकुमार मुंडा उपाध्यक्ष, सोनू कुमार सचिव, सूरज कुमार यादव कोषाध्यक्ष, खैटा करमाली संरक्षक, सौरभ कुमार मीडिया प्रभारी चुने गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पंचायत कमेटी और बूथ कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है। पार्टी बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र पर कार्य कर रही है। कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साव ने कहा कि जो बड़कागांव विधानसभा का अभी चक्कर लगा रहे है उनके हाथ से रामगढ़ फिर से निकलने वाला है। परिवारवाद की पार्टी को बड़कागांव के जनता एक सिरे से पुन: नकारने वाली है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साव, मुखिया तिलेश्वर साव, संजय सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शंकर सिंह, सोनू कुमार, विनय पन्ना, संजीत पासवान, लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कुजू में डिजनीलैंड मेला का शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में श्रावणी माह पर मनोरंजन पार्क सह डिजनीलैंड मेला का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी शिबू प्रसाद ने फीता काटकर और नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। साथ ही, दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेला समिति सचिव आशीष कुमार मुखर्जी ने किया। मौके पर शिबू प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिलता है। क्षेत्र के लोगों को मेला देखने कहीं दूर दराज जाना नहीं पड़ता है। साथ ही, क्षेत्र में लोगों के बीच एक महीने तक त्योहार जैसा का माहौल रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, समाजसेवी मोती प्रसाद मोहम्मद गुलजार, शिवा मेहता, प्रेम प्रसाद, जनक प्रसाद, इंद्र मोहन शर्मा, दिलीप प्रसाद, लखन प्रसाद, रतन प्रसाद, मुखिया अशोक कुमार, शंभूलाल ठाकुर, मनीष प्रसाद साहू, पवन करमाली, संतोष मेहता, पप्पू केसरी , दीपक सिंह, ज्ञान मिश्रा, पप्पू ठाकुर, रघुनाथ प्रसाद मेहता, मनोज केसरी, संजू मिश्रा, राजेश पांडेय, गोपी थापा, ज्योति ओझा आयोजक समिति के छोटू मैनेजर, अवधेश कुमार, बेचू साव, आशीष कुमार, सनाउलाह सोनू सहित काफी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री गुरुनानक स्कूल में बच्चों को दिया गया पौधा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के तहत चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कुमारी नीलम शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीइओ कुमारी नीलम, गुरुद्वरा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, प्राचार्य हरजाप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीइओ ने स्कूल के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच पौधों का वितरण किया। मौके पर मुख्य अतिथि कुमारी निलम ने कहा कि पेड़ हमारी धरोहर है। वही, बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर प्रकाश डालते हुए स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मां प्राकृति को समर्पित है, पर्यावरण को हरा-भरा, स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुद्वरा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## डीएवी आरा में कर्मचारी को दी गयी विदाई

**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आरा में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी बीरेंद्र सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई दी गयी। बीरेंद्र सिंह ने डीएवी आरा में 34 वर्षों तक निष्ठापूर्वक काम किया। इस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई का पल हर नौकरी पेशा व्यक्ति के जीवन में आता है। इससे व्यक्ति को निराश नहीं होना चाहिए। विद्यालय के शिक्षक डी पांडेय, गौतम मिश्रा, विजय मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मंच का संचालन कुंजल कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका सकला अंजू बरियार और रश्मि झा की भूमिका अहम रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

# क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक

जापान की राजधानी टोक्यो में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को इस मायने में अहम कहा जा सकता है कि सदस्य देशों के बीच अलग-अलग वजहों से कुछ दूरी आने की आशंकाएं निराधार साबित हुईं। बैठक में हुई चर्चा, इस दौरान हुई द्विपक्षीय बैठकें और आखिर में जारी साझा बयान-सबसे यह स्पष्ट संदेश गया कि सदस्य देशों के बीच न केवल आपसी तालमेल कायम है, बल्कि साझा लक्ष्यों और उनकी ओर बढ़ने के तरीकों को लेकर भी किसी तरह का संशय या उलझन नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले दिनों हुई रूस यात्रा के बाद यह इन देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक थी। उनकी रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी हलकों में कुछ बेचैनी देखी गयी थी। न केवल यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी, बल्कि अमेरिका की ओर से भी सार्वजनिक बयानों के जरिए यह संकेत दिया गया था कि इस यात्रा को लेकर वह सहज नहीं है। यही नहीं खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े मसले को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जिस तरह उछाला गया, उससे भी इन अटकलों को बल मिला कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में पहले जैसी समझ शायद नहीं है। ऐसे में स्वाभाविक ही कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनायी जाने लगी थी कि क्वाड देशों की बैठक में किसी न किसी रूप में दरार झलकेगी। लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पहले ही संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि क्वाड की जरूरत और उसकी अहमियत को कोई दो राय हो ही नहीं सकती। अन्य देशों के भी स्वर ऐसी ही स्पष्टता लिए हुए थे। पूर्व और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता के कारण उत्पन्न हो रही स्थितियों से निपटने की जरूरत और उसके तरीकों को लेकर किसी भी तरह का असमंजस या दुविधा नहीं दिखायी दी। यही नहीं, यूक्रेन युद्ध के मसले पर सभी देशों के सुर में सुर मिलाते हुए भारत ने एक कदम आगे बढ़ने में भी कोई हिचक नहीं दिखायी। गौर करने की बात है कि साझा बयान में यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में दिया गया संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान का हवाला इस मायने में भी अहम है कि यूक्रेन युद्ध पर जारी भारत के राष्ट्रीय बयान में इसका जिक्र नहीं है। क्वाड के मंच पर दिखा यह असाधारण तालमेल और स्पष्टता भी एक वजह रही होगी कि चीन इसे अनदेखा नहीं कर सका। उसकी ओर से कहा गया कि ये देश एशिया प्रशांत क्षेत्र में टकराव भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। बहरहाल, उम्मीद की जाये कि साल के आखिर में भारत की मेजबानी में होने वाली क्वाड देशों की शिखर बैठक इस मंच की सार्थकता को बढ़ाने में कामयाब होगी।

**गौर करने की बात है कि साझा बयान में यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में दिया गया संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान का हवाला इस मायने में भी अहम है कि यूक्रेन युद्ध पर जारी भारत के राष्ट्रीय बयान में इसका जिक्र नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुस्लिमों का हितैषी बनने का नया मामला बंगलादेश का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हिंसा प्रभावित बंगलादेश के संकटग्रस्त लोगों के लिए वह पश्चिम बंगाल के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें आश्रय देंगी। आश्चर्य की बात यह है कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह विदेश मंत्रालय के अधीन आता है। विदेश मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन काम करता है। यह जानते हुए भी ममता ने मुस्लिम वोट बैंक पर पकड़ बनाये रखने के लिए ऐसा बयान दिया।**

# विपक्ष की मुस्लिमों के प्रति अंधश्रद्धा

**योगेंद्र योगी**

मुस्लिम वोटों के लिए विपक्षी नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। विपक्षी दलों को लगना चाहिए कि हितैषी बनने का दिखावा करने मात्र से मुस्लिम वोटों को बटोरा जा सकता है। इसके बाद इन दलों में आपस में ही सच्चा हितैषी साबित करने की प्रतिस्पर्धा हो जाती है। वोटों की खातिर मुस्लिमों के प्रति इस अंधश्रद्धा का ही परिणाम है कि इसके प्रतिक्रियास्वरूप भाजपा ने न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की मजबूत पकड़ बना ली, बल्कि लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्ता में भी आ गयी। हालांकि इसमें काफी हद तक केंद्र सरकार के विकास कार्य भी शामिल हैं।

मुस्लिमों का हितैषी बनने का नया मामला बंगलादेश का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हिंसा प्रभावित बंगलादेश के संकटग्रस्त लोगों के लिए वह पश्चिम बंगाल के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें आश्रय देंगी। आश्चर्य की बात यह है कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह विदेश मंत्रालय के अधीन आता है। विदेश मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन काम करता है। यह जानते हुए भी ममता ने मुस्लिम वोट बैंक पर पकड़ बनाये रखने के लिए ऐसा बयान दिया। इससे पहले भी ममता बनर्जी सरेआम मुस्लिमों का पक्ष लेती रही हैं। इसके लिए बेशक कानून की मंजूरी हो या नहीं। बर्मा के रोहिंग्या शरणार्थियों का मसला भी केंद्र सरकार के अधीन था। केंद्र सरकार ही तय कर सकती है कि भारत में किसे शरण देनी है और किसे नहीं।

**भाजपा के बढ़ते प्रभाव के कारण क्षेत्रीय दलों के पास वोट बैंक बनाने के अवसर सीमित हो गये हैं।**



**ममता बनर्जी ही नहीं, मुस्लिम वोट बैंक की खातिर अपराधी, आतंकी और देश विरोधी बयान देने वालों को गले लगाने के लिए राजनीतिज्ञ न सिर्फ आतुर रहते हैं, बल्कि आपस में प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकारों के दौरान मुस्लिम माफियाओं और अपराधियों को भरपूर संरक्षण दिया गया।**

रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर केंद्र के दृष्टिकोण का विरोध करते हुए ममता ने कहा था कि सभी आम लोग आतंकवादी नहीं हैं और उन्होंने समुदाय का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 40,000 रोहिंग्या शरणार्थियों को निर्वासित करने की योजना बनायी थी। ममता बनर्जी की शह पाकर कई मुस्लिम संगठनों से जुड़े हजारों प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता में रैली निकाली और प्रधानमंत्री मोदी की निर्वासन योजना का विरोध किया तथा रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए भारत में आश्रय की मांग की। यह मुद्दा मुस्लिमों के वोट बैंक से जुड़ा हुआ था। इसमें दूसरे विपक्षी दल भी कूद गये। मुस्लिमों के मामले में सभी विपक्षी दलों को लगता है कि कहीं दूसरा दल वोट बैंक का ज्यादा हिस्सा नहीं ले जाये, इसी वजह से मुद्दा चाहे राज्यों का हो या फिर केंद्र सरकार से जुड़ा हो, बहती गंगा में हाथ धोने से कोई पीछे नहीं रहना चाहता।

मुस्लिम वोट की खातिर ममता किसी भी हद से गुजरने को तैयार रहती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी द्वारा इमाम और मुअज्जिन को लेकर बुलायी कांफ्रेंस पर भी राजनीतिक घमासान छिड़ गया था। विरोधी पार्टियों ने इस कांफ्रेंस के मद्देनजर ममता पर खुल कर तुष्टीकरण और वोट की राजनीति करने के आरोप लगा दिये। समूचे बंगाल के इमाम और मुअज्जिन इसमें शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में कोलकाता पहुंचे थे। गठबंधन की सहभागी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोलते हुए ममता से मुसलमानों के समग्र विकास के लिए श्वेतपत्र जारी करने की मांग कर दी। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री ममता से सवाल पूछते हुए कहा कि ममता बनर्जी को श्वेत पत्र देकर बताना चाहिए कि वक्फ संपत्ति को बेच कर कितने प्रोमोटर करोड़पति हो गये और इनमें से कितने आपकी पार्टी के हैं।

मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति में ममता बनर्जी कानून को भी ठेंगा दिखाने में पीछे नहीं रहीं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस के शासन में 2011 से बंगाल में जारी किये गये अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाण-पत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। इसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम समुदाय को इस आरक्षण का फायदा मिल रहा था। न्यायालय के इस निर्णय पर ममता बुरी तरह भड़क गयीं। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने यहां तक कह डाला था कि एक न्यायाधीश कह रहा है कि मैं आरएसएस का व्यक्ति हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो गया... आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे हो सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? इतना ही नहीं, ममता सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण, जमीन हथियाने एवं राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों में अभियुक्तों को बचाने के लिए पुरजोर पैरवी की। सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है? गौरतलब है कि इडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गये थे, जहां उन पर हमला किया गया था।

ममता बनर्जी ही नहीं, मुस्लिम वोट बैंक की खातिर अपराधी, आतंकी और देश विरोधी बयान देने वालों को गले लगाने के लिए राजनीतिज्ञ न सिर्फ आतुर रहते हैं, बल्कि आपस में प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकारों के दौरान मुस्लिम माफियाओं और अपराधियों को भरपूर संरक्षण दिया गया। माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की मौत पर सपा अध्यक्ष ने खूब घड़ियाली आंसू बहाये थे।

दरअसल भाजपा के बढ़ते प्रभाव के कारण क्षेत्रीय दलों के पास वोट बैंक बनाने के अवसर सीमित हो गये हैं। यही वजह है कि मुस्लिम वोट बैंक में ज्यादा हिस्सा बटोरने के लिए सही-गलत की विवेचना किये बगैर विपक्षी दल मुस्लिमों के समर्थन के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आते।

## जमशेदपुर की खबरें

# मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

**आवेदन प्राप्त के लिए 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविर प्रस्तावित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने की तैयारी शुरू कर दी गयी। बुधवार को डीसी अनंय मित्तल के निर्देश पर डीडीसी मनीष कुमार के अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आइटीडीए दीपांकर चौधरी, अपर नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम के रंजीत लोहरा,



एसडीओ पारूल सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो, सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, बैंको के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

मौके पर डीडीसी ने कहा झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत राज्य में महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये दिए जायेंगे। योजना में 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को शामिल किया गया। पंचायत भवनों व शहरी क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर 03 से 10 अगस्त तक कैम्प लगाकर आवेदन ऑनलाइन किया जायेगा। साथ ही अभियान के तहत सभी प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविका व सहिया के द्वारा सर्वे कर घर-घर निःशुल्क फार्म वितरण किया जायेगा। ताकि लाभूक स्वयं कैम्प में जरूरी दस्तावेज में बैंक खाता, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल फोन लेकर कैम्प में निबंधन के लिए पहुच सकें। डीडीसी ने कहा कैम्प में विधि व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण के लिए बीडीओ को स्थानीय पुलिस के सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। शिविर में प्रज्ञा केन्द्र, यूआईडी व बैंक सेवा प्रदाताओं को प्रर्याप्त संख्या में मानवबल व आवश्यक मशीनरी संसाधन, पावर बैकअप सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा शिविर में आयकर दाता परिवार, इपीएफ धारी महिला, सरकारी सेवा में हो, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्थान में नियमित, अस्थायी, संविदा, मानदेय कर्मी में नियोजित व सरकारी पेंशन का लाभ मिलने वाले, परिवार में कोई सदस्य वर्तमान और भूतपूर्व विधायक और अथवा सांसद हो वैसे परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन पत्र का वितरण व जमा करने से स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी।

## लगातार बारिश से यूसिल डैम का जलस्तर बढ़ा



**जादूगोड़ा (आजाद सिपाही)। जादूगोड़ा व उसके आस पास के क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से यूसिल डैम का जलस्तर बढ़ गया। इधर बढ़ते जलस्तर को देखते हुए देर संध्या कंपनी डैम एक फाटक खोल दिया गया ताकि डैम को सुरक्षित रखा जा सके.डैम का पानी निचले इलाके में पहुंचकर फिर से नदी की ओर रुख कर जाता है। जिससे नदी का जलस्तर भी बढ़ सकता है। डैम का फाटक खुलते ही मछुआरे भी सक्रिय हो गए है। फाटक बंद होने व पानी घटने का इंतजार कर रहे है ताकि कई टन मछली फाटक खुलने के बाद चट्टान में मछली इधर उधर फंस जाते है जिसे मछुआरे पकड़ कर अपनी अच्छी खासी कमाई कर पाते है।**

## एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहनों में ओवरलोडिंग व चालको के खिलाफ अभियान शुरू कर दी। बुधवार को यातायात पुलिस ने गम्हरिया थाने के समीप सड़क से आने जाने वाले यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग व नशे में गाड़ी चलाने वाले चालको के खिलाफ अभियान चलाया। वही कांड्रा पदमपुर टोल प्लाजा के समीप यातायात पुलिस के द्वारा अभियान चलाया गया। मौके पर पुलिस ने कारवाई करते हुए 6200 रुपये का जुमार्ना वसूला। यातायात प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाया गया। सड़कों पर हो रहे दुर्घटनाओ पर रोक लगाने के लिए यातायात पुलिस प्रयास कर रही है। लेकिन इसके लिए भारी वाहनों के चालक व सड़क से आने जाने वाले लोगो की सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।उन्होंने सड़क से आने जाने वाले लोगो से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## आदिवासियों के पूजा स्थल और श्मशान भूमि पर बाइपास सड़क बनाने का विरोध



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों तितिरबिला में आदिवासियों के पूजा स्थल व श्मशान भूमि को जबरन कब्जा कर बाईपास सड़क बनाने का विरोध देखने को मिला। बुधवार को आदिवासी संगठनों ने सड़क पर उतर कर जिला प्रसाशन व सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कोल्हान के तीनों जिलों के आदिवासी एकजुट होकर बुधवार को कोल्हान बंद का आह्वान किया था। इसका असर सड़क पर देखने को मिला। आदिवासी संगठन ने सड़कों पर टायर जलाकर प्रमुख मार्गों को अवरुद्ध कर दिया। बाजार व दुकानों को बंद कराते दिखे।उन्होंने कहा बगैर ग्राम सभा के सरकार व जिला प्रशासन किसी भी आदिवासी के एक इंच जमीन भी नहीं ले सकती। यदि सरकार अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो हर स्तर पर सरकार व जिला प्रशासन का विरोध किया जायेगा।

## शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे उधम सिंह: गुरमीत सिंह तोते

**युवा पीढ़ी को उधम सिंह की जीवनी से सीखने की जरूरत है : जयप्रकाश राय**

**नमन की विचारधारा को नमन है : आरके सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन शहीदों के सपनों को तत्वाव धान में सरदार उधम सिंह के शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह तोते, विशिष्ट अतिथि टाटा मोटर्स यूनियन महामंत्री आर के सिंह एवं शहर के अनेक गण्यमान्य लोगों , महिलाओं और युवाओं की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर गुरमीत सिंह तोते ने कहा कि आजादी की लड़ाई का इतिहास क्रांतिकारियों के विविध साहसिक



कारनामों से भरा पड़ा है, उन्हें अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनके शौर्य और बलिदान की मार्मिक व साहसिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी। आर के सिंह ने कहा नमन है ऐसे वीरों को जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया देश के लिए ऐसे बलिदानियों के को याद कर युवाओं को जागृत करने के लिए नमन परिवार की विचारधारा को नमन है जो आज की युवा पीढ़ी को भी उनकी शहादत को याद दिला देशभक्ति की भावना से जोड़ने का काम कर रहा है। चमकाता आईना के संपादक जयप्रकाश राय ने कहा उधम सिंह के जज्बे, वीरता और सोच को उनकी शहादत को देश भूल नहीं सकता। वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राजेश पांडे, वरीय समाजसेवी राम केवल मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता रितिका श्रीवास्तव और अन्य ने अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन धनुर्धर त्रिपाठी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पप्पू राव ने किया। इस अवसर पर सुखविंदर, वरुण, महेंद्र, अवधेश, प्रवीण, सुखविंदर, जसवंत सिंह, हरि साडिंल, किरण, लख्खी कौर, आभा, अनीता सिंह, डी मनी, सीता सिंह, सुलोचना देवी, रिंकू, ममता सिंह, सिमी कश्यप, सावित्री देवी, महालक्ष्मी देवी, ममता पुष्टि, ममता साहा, सीमा गोस्वामी, रेनू, रेणु, राधिका, अनुराधा, कमलजीत कौर ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## असरदार रहा जमीन अधिग्रहण और हस्तांतरण के खिलाफ आदिवासी संगठनों का बंद



**पोटका (आजाद सिपाही)। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा असंवैधानिक तरीके से जमीन का अधिग्रहण तथा हस्तांतरण के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत कोल्हान बंद आंशिक रूप से सफल रहा। पोटका, कवाली थाना क्षेत्र में यद्यपि सभी दुकानें खुली हुई थी। परंतु यात्री वाहन तथा बड़े बड़े मालवाहक ट्रक तथा हाइवा नहीं चले। जिस कारण यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान पर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरायकेला खरसवा जिला अंतर्गत राजनगर में सुबह छह बजे ही चाईबासा हाता सड़क जाम कर दिया गया। जिस कारण इस रोड में एक भी गाड़ी नहीं चली। हाता टाटा रोड में करनडीह के नजदीक जाम किए जाने से रोड बंद रहा। फलत दोनो रोड में एक भी यात्री वाहन नहीं चले। मुसाबनी के डी एस पी तथा पोटका व कवाली के थाना प्रभारी हाता चौक पर ड्यूटी में तैनात थे। जिस कारण बंद करने वाले नेता येक भी नजर नहीं आए। आदिवासी नेताओं ने कहा की बिना ग्राम सभा के सरकार अथवा जिला प्रशासन किसी भी आदिवासी समुदाय के लोगों की एक इंच भी जमीन नहीं ले सकता है।**

# शिक्षक ने बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोका, साउंड सिस्टम तोड़ा

**शिक्षक पुलिस हिरासत में, वरीय पदाधिकारियों से की गयी शिकायत**

**शिक्षक पर पूर्व में भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का लगा है आरोप**


आरोपी शिक्षक शेख तौहीद।


आक्रोशित बच्चे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के धंगरडीहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बुधवार के सुबह विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा साउंड सिस्टम तोड़े जाने से मामला सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान शेख तौहीद के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों में काफी नोंक झोंक भी हुआ। विद्यालय में सरस्वती वंदना रोक जाने की सूचना पर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के मनु उपाध्याय, सुधीर सोनी, विश्व रंजन गुप्ता, नीतिश गुप्ता, मधुसूदन पाठक, चमन सिंह आदि सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर उक्त शिक्षक के प्रति आक्रोश जताया तथा समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उक्त शिक्षक को अविलंब बर्खास्त करने की मांग करने लगे। उधर किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे तथा उक्त शिक्षक को हिरासत में लेकर थाना लाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव और बजरंग दल के द्वारा उक्त शिक्षक पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कारवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिसपर थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही।

**क्या है, मामला :** जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में बुधवार के सुबह प्रार्थना के बाद बच्चे सरस्वती वंदना कर रहे थे, तभी विद्यालय के ही सहायक शिक्षक शेख तौहीद बच्चों से कहा कि मेरे रहते इस विद्यालय में सरस्वती वंदना तो क्या कोई भी हिंदू देवी-देवताओं का पूजा पाठ नहीं होगा, जब बच्चें नहीं माने तो उक्त शिक्षक ने सरकारी साउंड सिस्टम को पटक दिया। यह देख विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक निशीथ यादव ने उन्हें ये सब करने से रोकना चाहा, तो शिक्षक शेख तौहीद उनसे धक्का मुक्की करते हुए अल्ला हू अकबर, नारे तकबीर जैसे धार्मिक उद्दघोष करने लगे। मामले को बढ़ता देख विद्यालय के एचएम द्वारा इसकी सूचना बीईईओ तथा स्थानीय थाने को दी।

**उक्त शिक्षक द्वारा पूर्व में भी किया है, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश :** मालूम हो कि बीते 2017 में पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप शिक्षक शेख तौहीद के उपर लगा था, उस समय उक्त शिक्षक द्वारा शहीद जवानों को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाईयां भी बांटी थी। मामला तूल पकड़ने पर काफी हो हंगामा होने के बाद भी उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई विभागीय कार्रवाई नही किया गया था, साथ ही विद्यालय में प्रायः छात्र छात्राओं को प्रार्थना और सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा विद्यालय में सरस्वती पूजा का विरोध करते रहे है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमकुमार यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छवि कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशीला देवी ने शिक्षक शेख तौहीद पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई मर्तबा विद्यालय में इनके द्वारा ऐसे कार्य किया गया, जिसमें प्रशासनिक तथा समाजिक पंचायत के तहत मामला शांत कराया गया, लेकिन शिक्षक अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

## रोजगार सेवक के नेतृत्व में किया गया पौधरोपण



रंका (आजाद सिपाही)। पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन हेतु रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के रोजगार सेवक शशि कुमार सोनी के नेतृत्व में सोमवार को रंका परियोजना कन्या उच्च विद्यालय, आदिवासी खरवार छात्रावास सहित कई स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर रोजगार सेवक शशि कुमार सोनी ने आजाद सिपाही को बताया कि एक तरफ जहां विकास की अंधी दौड़ में व्यापक पैमाने पर हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है और उसकी भरपाई भी नहीं की जा रही है। आज इसी का देन है कि पृथ्वी पर सूर्य आग का गोला बनकर कहर बरपा रहा है। इसी के निमित्त मैंने अपने स्तर से पंचायत के अनेकों स्थानों पर पौधा लगाने का कार्य किया है ताकि मेरे इस छोटे प्रयास से सभी को पर्यावरण से संबंधित लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आगे भी अन्य स्थानों पर सैकड़ों पौधा लगाने की योजना है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुधीर रजक, शिक्षक सुरेंद्र रजक, सुधाकर, ब्रजेश, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य उमा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डाल्टनगंज की मेयर सह भाजपा नेत्री अरुणा शंकर ने भंडरिया प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा



भंडारिया (आजाद सिपाही)। डाल्टनगंज की मेयर सह भाजपा नेत्री अरूणा शंकर ने भंडरिया प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा। भाजपा नेत्री ने जिन गांवो का दौरा किया। इनमें सरईडीह, पीपरा खजुरी, कंजीया, नौका, भंडरिया मदगड़ी, बघवार के नाम शामिल हैं। एक दिवसीय दौरे के क्रम में उन्होंने लोगों से जनसंपर्क किया व उनका कुशलक्षेम जानते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा अथक प्रयास कर विगत लोकसभा चुनाव में भारी मतों से सांसद बनाने का कार्य किया है, जिसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। प्रखंड के बघवार गांव में आदिवासी समुदाय के द्वारा आयोजित हो रहे अच्छी बारिश होने को लेकर प्रकृति की पूजा में भी शामिल हुईं। तथा वहां उपस्थित बैगा, पाहन को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के पूजा में वे पहली बार शामिल हुई हैं। इसकी एक अलग ही अनुभुती हमें मिली। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंन्हा, नौका भूत अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह दिलीप तमोली बीजका बूथ संयोजक कोमल सिंह, मुखदेवन प्रजापति, इंद्रदेव सिंह, राजू ठाकुर, विजय पासवान, अनिल गुप्ता, संजय प्रसाद, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, आदि सहित अन्य लोग थे उपस्थित।

## मेराल में तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात में तीन लोग घायल, चार पशुओं की मौत

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को तेज बारिश के साथ अलग-अलग हुई वज्रपात की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि चार पशुओं की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार देवगाना बसस्टैंड के समीप एक शीशम पेंड़ पर हुई वज्रपात से मुख्तार अंसारी 40 वर्ष पिता सलीम अंसारी तथा कविता कुमारी 18 वर्ष पिता अजय चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरी घटना तेनार गांव में हुई, जिसमें सोनम देवी 22 वर्ष पति राकेश कुमार घायल हो गयी। जिसका इलाज संगबरिया स्थित एक निजी अस्पताल में किया गया। इसी तरह थाना मुख्यालय के शिव मंदिर छठ घाट और छवआना टोला के दोहर में वज्रपात की घटना हुई, जिसमें भिखू पटवा और शंभू राम की गाय मर गयी है। साथ ही गोबरदहा गांव में वज्रपात से रामप्रताप कोरवा का दो बैलो की मौत हो गयी। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि वज्रपात की घटना में तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। पीड़ित परिवारों से आवेदन मिलने पर सरकारी प्रावधान के अनुसार आपदा प्रबंधन राहत कोष से सहायता देने की कार्रवाई की जायेगी।

## मजदूरी की तलाश में गये मजदूर की मौत

केतार (आजाद सिपाही)। मजदूरी करने गये मजदूर को स्वास्थ्य बिगड़ने से रास्ते में ही मौत हो गया। किसी प्रकार अपने प्रखंड में तो पहुंचा, लेकिन मजदूर घर नहीं पहुंच पाया। यह घटना केतार थाना क्षेत्र के सिंहपुर निवासी उमेश राम पिता रामचंद्र राम का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश राम पिछले कई माह से सांस की बीमारी था। आर्थिक तंगी के वजह से बेहतर इलाज नहीं हो पाया। उसी में कई माइक्रो फाइनेंस से लोन भी ले रखा था। माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लोगों के दबाव और मानसिक प्रताड़ना के वजह से लगभग बीस दिन पहले हिमाचल प्रदेश में काम की तलाश में गया हुआ था।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 4490 Dated 30.07.2024 I. VIKASH RAVIDAS S/O Seva Ravidas aged about 24 years Resident of village Gomia, Harijan Tola, PO & P.S. Gomia, Dist- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare an follows: 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhaar card vide Aadhaar No. 6945 8126 9030 my name has been mentioned as VIKASH RAVIDAS but in my Bank account of Bank of India Gomia Branch vide A/C No. 481118210000504 my name has been mentioned as VIKASH KUMAR RAVIDAS.

3. That, VIKASH RAVIDAS and VIKASH KUMAR RAVIDAS both names are of one and same person i.e. my self. 4. That, I want to correct or rectify my name in my above bank account as VIKASH RAVIDAS in place of VIKASH KUMAR RAVIDAS. 5. That, I am swearing this affidavit to produce the same before concerning authority for needful purpose. 6. That, the above contents of this affidavit are true and correct, if in future the above contents shall be found incorrect, then I shall be liable to appropriate punishment

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित




कांडी (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार के द्वारा नये अपराधिक कानून और कृषि बजट जन विरोधी लाये जाने के विरोध में क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन(झारखंड) जन संग्राम मोर्चा के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार से 12 सूत्री और झारखंड सरकार से 8 सूत्री मांगों को अंचलाधिकारी के माध्यम से प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन संग्राम मोर्चा के कांडी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि संयुक्त संघर्ष किसान मोर्चा के तत्वाधान में जो एकदिवसीय धरना दिया गया है उसका मुख्य कारण है बजट में किसान मजदूर बेरोजगार को उपेक्षित रखा गया है। चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनो सरकार ने किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा को ठगने का काम कर रही है, उसी को लेकर मांग पत्र दिया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि अगर सरकार हमलोग के बात नही सुनती है तो हमलोग जिला में डीसी को घेराव करेंगे। आंदोलन के समर्थन में जिला परिषद सदस्य उत्तरी प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। गढ़वा जिला को अकाल सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाये, मनरेगा मजदूरों को 600 रुपये मानदेय लागू किया जाये। धरना में क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन, जनसंग्राम मोर्चा, मूल निवासी संघ, जल जंगल जमीन बचाओ संघर्ष समिति के लोग भी शामिल हुए। धरना सभा का संचालन अशोक पाल ने किया, उसके अलावें विनय पाल, बिंदा देवी, सुकनी देवी, उपेंद्र राम, राजेंद्र, राजेश, रामभजन, देवनाथ, विनय सहित सैकड़ों महिला पुरूष धरना सभा में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने की शिकायत



मझिआंव (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक (रपुरा मेन रोड से धनको ओबरा) सिवान तक बनायी गयी सड़क में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व जिला उपायुक्त और जिला उप विकास आयुक्त गढ़वा को लिखित शिकायत दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क 2.350 किलोमीटर एक करोड़ 77 लाख 59 हजार 6 सौ रुपये की लागत से बनायी जा रही है। अनियमितता को लेकर ग्रामीण आशीष कुमार पांडे, ललित कुमार पांडे, गिरजा शंकर पांडे, गणेश चौहान, सनोज चौहान, अशोक पांडे, देवेंद्र, उदये, बसंत, सुमन, हीरामणि सिंह, रामजी, वीरेंद्र, रंजीत, उपेंद्र, संजय सहित 5 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। जिसमें दर्शाया है कि उक्त पथ निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है। कहा गया है कि नवनिर्मित पीसीसी पथ जो बनाया गया है उसमें अभी सही दरार पड़ चुका है, पीसीसी पथ का निर्माण कार्य जिसकी ऊंचाई मापदंड से कम है, पीसीसी पथ में अभी से ही ड्यूटी देखने लगा है, जो उखड़ने योग्य है। ग्रामीणों ने कहा कि लगभग 2 करोड रुपये की लागत से बन रही सड़क में साफ दिख रहा है कि सड़क में भारी अनियमितता की गयी है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनाने के दौरान संवेदक को कहा गया तो संवेदक उल्टा ग्रामीणों को डराने धमकाने का काम कर रहे थे। जिसको लेकर उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को आवेदन भी दिया गया है।

# डाल्टनगंज को विकास से वंचित रखने की सरकार की मंशा साफ : आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड।** विधायक आलोक चौरसिया ने आज विधानसभा में एक बार फिर चैनपुर थाना रोड के निर्माण की मांग उठायी, लेकिन सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर से अनसुनी की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद सरकार ने सड़क निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाये हैं।

**बार-बार की गयी मांगें फिर भी मौन सरकार :** आलोक चौरसिया ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह बार-बार की गयी मांगों और पूछताछ के बावजूद चैनपुर थाना रोड और अन्य महत्वपूर्ण पथ निर्माण परियोजनाओं पर ध्यान नहीं दे रही है। पथ निर्माण विभाग के मंत्री ने भी आज विधानसभा में केवल टालमटोल जवाब दिया, जिससे साफ है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है।

**विधायक ने उठायी आंदोलन की चेतावनी :** विधायक ने सरकार की इस अनदेखी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है और कहा है कि अगर जल्द ही रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तो वे और उनके समर्थक मजबूती से विरोध करेंगे। उन्होंने सरकार के रवैये पर निराशा व्यक्त की और जनता की समस्याओं को हल करने की मांग की है।

**ओवर ब्रिज की भी उठायी गयी मांग :** आलोक चौरसिया ने मेदिनीनगर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान के लिए रेड़मा, पांकी रोड, बैरिया, छः मुहान और सद्दीक मंज़िल चौक पर ओवर ब्रिज के निर्माण की भी मांग की है। सरकार ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि वे रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इससे सड़क निर्माण की अनदेखी और भी स्पष्ट हो रही है।

**समस्या का समाधान नहीं आंदोलन की चेतावनी :** विधायक ने स्पष्ट किया कि सरकार की इस अनदेखी से लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं और वे इस अन्याय के खिलाफ आंदोलन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है ताकि लोगों को बेहतर सड़क सुविधायें मिल सकें।

## कार्यकर्ताओं ने विधायक से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

बड़गड़ (आजाद सिपाही)। क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के पिछले दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश के नेतृत्व में बरगढ़ के आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ता मुकेश सोनी, रंजन सोनी, रवि, सुबास, अरूण भगत तथा अखिलेश पांडेय ने विधायक को बरगढ़ प्रखंड के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बड़गड़ को थाना का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के प्रति धन्यवाद दिया। वहीं डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरगढ़ प्रखंड के विकास के प्रति हमेशा समर्पित रहते हुए यहां के दूरस्थ इलाकों तक सड़क, पूल, पूलिया का निर्माण करा कर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी रखते हुए प्रखंड अंतर्गत तीन नये पुलिया टेहरी पंचायत अंतर्गत बरकोल नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, टेहरी के जमुनदाहा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण तथा परसवार पंचायत अंतर्गत कला खजुरी - उरोटांड़ पथ स्थित नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाने को लेकर आभार जताया।

# पूर्व विधायक ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व विधायक सह जेएमएम नेता अन्नंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा इस विधानसभा क्षेत्र के हल्का नंबर दस के मझिगांवा पंचायत में बुधवार को भ्रमण कर पंचायत के कवलदाग, अस्नाखांड, बनरखोहा, मझिगावां बस्ती, नंवडिहवा और भेलवाखाड़ी टोले पर ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा केवल झूठे व लच्छेदार भाषणों से लोगों को 15 वर्षों से केवल ठगने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की अबुआ आवास जैसी महत्वपूर्ण योजना के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। वहीं पंचायत की सभी पुरुष व महिलाओं को अपनी बहन बेटियों के सम्मान के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए अपने आंगनबाड़ी केंद्र से निःशुल्क फॉर्म लेकर भरें और प्रतिमाह बहन बेटियों का सम्मान बढ़ायें। उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस बार मौका मिला तो मैं क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के लिए 1320 मेगावाट का पावर प्लांट भवनाथपुर में लगवाने का वादा करता हूं। इस दौरान जेएमएम के कार्यों से प्रभावित होकर मझिगांवां मुख्य बस्ती में भाजपा से मुकेश चौबे, छोटन ठाकुर, बंधु पासवान, पप्पू रजवार व संजय पासवान अपने समर्थकों के साथ जेएमएम की सदस्यता ग्रहण किया। छोटे राजा ने अंगवस्त्र व पार्टी का विशेष अंगवस्त्र पहनाकर जेएमएम में स्वागत किया।

# मोहम्मद रफी संगीत प्रेमियों के दिलों से कभी जुदा नहीं हो पायेंगे : पशुपतिनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में सुर सम्राट स्वर्गीय मोहम्मद रफी साहब की 44वीं पुण्यतिथि अवसर पर रफी साहब के सुरमई गीत के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र नगर, परिषद के पूर्व अध्यक्षा अनिता दत्त, ज्ञान निकेतन कांवेंट स्कूल के निदेशक एमपी केशरी, बीएसकेडी स्कूल के निदेशक संजय सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला, समाज सेवी दौलत सोनी राज कुमार मधेशिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा मोहम्मद रफी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया।

उपविकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र ने कहा कि मोहम्मद रफी इस दुनिया से दूर चले गये हैं, लेकिन संगीत प्रेमियों के दिलों से कभी जुदा नहीं होने पायेंगे। उनकी गायिकी के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्षा अनिता दत्त ने कहा कि मोहम्मद रफी की गायिकी ने सरहद और मजहब की सीमा को मिटा दिया। आज उनके द्वारा गाये गीत मंदिर मस्जिद चर्च गुरुद्वारे में हर जगह सुने जाते है। मेराल प्रमुख दीपमाला ने कहा कि रफी साहब के गीत आज भी दिलों पर राज करते हैं। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के निदेशक एमपी केशरी ने कहा कि रफी साहब द्वारा गाया हुआ ओ गीत, मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा दिल का सुना साज जमाना ढूंढेगा, आज जीवंत हो जाता है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में मेरा गढ़वा जिला अव्वल है। कार्यक्रम की शुरूआत कौशल रवि ने पुकारता चला हूं मैं गली गली बहार की......., रंजीत किशोर ने बदन पे सितारे लपेटे हुए और पूर्णिमा के साथ इशारों इशारों में दिल लेनेवाली........ राजकुमार यादव ने आप आये बहार आये......., खुशी कुमारी एवम राजकुमार यादव ने कोयल बोली दुनिया डोली......... खुशी कुमारी और रंजीत किशोर ने मुझे कितना प्यार है तुमसे अपने ही दिल से पूछो तुम ...........धर्मेंद्र कुमार एवम नुसरत ने युही तुम मुझसे बात करती हो........,वरिष्ठ कलाकार गोपाल प्रसाद कश्यप ने तुम मुझे यू भुला ना पाओगे....., पूजा कुमारी के साथ सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था आज भी और कल भी रहेगा........, दीपमाला और राजकुमार यादव ने छुप गये सारे नजारे........ दीपमाला और गोपाल कश्यप ने बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम वरिष्ठ कलाकार विजय प्रताप देव ने पत्थर के सनम तुझे हमने मोहबत का खुदा जाना........मस्त बहारो का मैं आशिक और पूर्णिमा के साथ कितना प्यारा वादा है इन मतवाली आंखों का........., नैतिक पंडीएअवम परिधि गुप्ता ने रिमझिम के गीत सावन गाये हाय भींगी भींगी रातों में ........, लाल बहादुर सिंह ने आने से उसके आये बहार जाने से उसके जाए बहार इस तरह सभी कलाकारों ने मोहम्मद रफी साहब के एक से बढ़कर एक गीत गाकर सारे अतिथियों और श्रोता गणों का मनमोह लिया। मंच संचालन राजकुमार मधेसिया के द्वारा किया गया।

**FOOD CRAFT INSTITUTE DEOGHAR**
(An Autonomous Institution under the Department of Tourism, Arts, Culture, Sports & Youth Affairs, Government of Jharkhand)
Affiliated to National
Council of Hotel Management & Catering Technology
Plot No. 224, Kumaitha, Jasidih – Kumaitha Road, Deoghar-814142, JH
Phone:-9758034648 | Email: principal.fcideoghar@gmail.com | Website: www.fcideoghar.org

Tender Ref. No.-FCI/DGR/2024-**25/12** Dated- **31/07/2024**

**Very Short e-Tender Notice**

e-Tenders under two bid system are invited to Provide IT, Electronics and Electricals Equipments to Food Craft Institute Deoghar, Jharkhand as per the following schedule of events:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref. No. | FCI/DGR//2024-25/12 |
| 2. | Name of Work | Supply of IT, Electronics and Electricals Equipment on SITC basis |
| 3. | Tender Participation | Rs. 10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) Through online mode. |
| 4. | EMD | Rs. 4, 05,000/- (Rs. Four Lakh Five Thousand only) Through online mode. |
| 5. | Publish of Tender on website / Start of Downloading Tender Documents | 31/07/2024 at 06:00 P.M. |
| 6. | Starts of submission of e-bids | 01/08/2024 at 10:30 A.M. |
| 7. | Last date of submission of e-bids | 08/08/2024 upto 03:00 P.M. |
| 8. | Opening of Technical Bids | 09/08/2024 at 03:30 P.M. |
| 9. | Opening of Financial Bids | After Scrutiny of Technical Bid |
| 10. | Time for Work Completion | 30 Days |
| 11. | Officer Inviting e-Tender | Principal, Food Craft Institute Deoghar |
| 12. | Officer Name/ Mobile No. For further enquiry | Mr. Surojit Namata Admin.-cum-Accounts Officer Mob. No.: 9304178232, Email: ao.fcideoghar@gmail.com |
| 13. | Corrigendum/ Addendum if any | Will be published on institute website: www.fcideoghar.org |

For further details and applying online, please visit jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director
Tourism

PR 331364 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(विकास शाखा)**

**- :: अति अल्पकालीन निविदा :: -**

विधायक योजनान्तर्गत रामगढ़ जिले के माण्डू विधानसभा क्षेत्र के **मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यनरत् छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन, प्रतिभा का विकास, व्यक्तित्व का विकास एवं विद्यार्थियों का मौलिक विकास** हेतु माननीय विधायक माण्डू विधानसभा क्षेत्र द्वारा अनुशंसित बहुउपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिशिठत पुस्तक प्रकाशकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 08.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएं स्वीकृत नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 08.08.2024 को अपराह्न 4:00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष समाहरणालय सभा कक्ष ब्लॉक 'बी' में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

निविदा से संबंधित शर्तें एवं पुस्तकों की सूची जिला के बेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त, रामगढ़

PR 331316 District(24-25)#D

# राइफल साफ करते समय चली गोली, जवान की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक की फाइल फोटो

**बरवाडीह।** लातेहार जिले बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लात करमडीह पुलिस पिकेट में पदस्थापित जिला पुलिस बल के जवान प्रमोद कुमार सिंह का बुधवार को अपने हथियार सफाई के दौरान गोली चलने से उसकी मौत हो गयी। इस संबध में मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार सिंह उम्र 38 वर्ष लगभग सतबरवा प्रखंड के पोलपोल (पलामू) निवासी जिला पुलिस बल के जवान बुधवार सुबह अपनी रायफल बंदूक की सफाई कर रहा था। लेकिन बंदूक में गोली रहने के कारण बंदूक चल जाने से उसके छाती में गोली आर पार हो गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक जवान 2018 से लातेहार जिला बल में पदास्थपित है। घटना के सूचना मिलने पर छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह घटना स्थल पहुंच कर जवान को छिपादोहर उप स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते सभी पहलुओं पर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वही शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर पहलू पर जांच किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतक जवान के परिजन लातेहार पंहुच गये। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# पहली बारिश में सड़क पर बना डोभा, ग्रामीण परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव गांव तक योजनाएं चलाई जा रही है मगर दुर्भाग्य की बात है कि आरयू विभाग के द्वारा जहां भी पीसीसी निर्माण कराये गये हैं वह दो से तीन माह के अंदर ही बद से बदतर हो गये हैं। या फिर योजना अधूरा पड़ा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है जब एक मामला लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत से आया जहां आरयू विभाग के द्वारा पतरातू मस्जिद से सांसग तक पीसीसी का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन गनीमत हो कि संवेदक द्वारा मोरम के बजाय खेत का गिलावा मिट्टी डालकर शॉलिंग कर दिया गया है। जिसके चलते जहां-तहां गढ्ढे हो गये है। बरसात का पानी गढ्ढा में जमाव होने से रोड डोभा में तब्दील हो गया है। आये दिन लोग फिसल कर गिर रहे हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि रोड निर्माण के समय संवेदक के द्वारा मोरम के बजाय खेत का मिट्टी डाल दिया गया है। जिसका नतीजा है कि दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहनों को वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है। यहां तक की पैदल चलना भी दुस्वार हो गया है। कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। वही कलभट्ट निर्माण में भी काफी घटिया निर्माण किया गया है। उस वक्त हम लोगों ने विरोध भी किया था। लेकिन ठेकेदार के मुंशी के द्वारा हम लोगों को यह कह कर भेज दिया गया कि आप लोगों को जहां जाना है जाइए हमारे ठेकेदार सभी जगह मैनेज कर चुके हैं, हम लोगों को जो अच्छा लगेगा वही करेंगे। ऐसा कह कर अपनी मर्जी से कलभट्ट का निर्माण करने लगे। आज स्थिति ऐसी हो गयी है कि पहली बरसात में ही पतरातू कलभट्ट निचे धंस गया है। जिसे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही है। अगर कोई अनजान व्यक्ति इस रास्ते से आ जाए तो या तो गाड़ी वहीं फंस जाएगी या फिर बड़ी अनहोनी होने की संभावना बन सकती है। मगर ठेकेदार को इससे कोई मतलब नहीं है वह सिर्फ अपना पैसा कमाने में लगे हुए हैं। आगे उन्होंने कहा कि रोड की जांच को लेकर इंजीनियर एक बार भी देखने नहीं आए की रोड कैसा बन रहा है। उन्हें सिर्फ अपनी कमीशन से मतलब है। ठेकेदार जैसे तैसे काम कर यहां से रफू चक्कर होने में लगे हैं। इससे पूर्व भी सांसग पंचायत समिति ने घटिया निर्माण को लेकर विरोध जताया था और इसकी जानकारी विभाग को भी दी थी मगर विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया।

## पुरस्कार राशि के लिए आवेदन 6 अगस्त तक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** खेल विभाग, झारखण्ड रांची के द्वारा 11 मार्च 2023 विभागीय संकल्प संख्या 03 अंतर्गत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता/ प्रतियोगी राज्य के खिड़ालियों/ प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगर पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निधारित किये गये हैं। झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 1 अप्रैल 2023 के बाद अंतरराष्ट्रीय/ भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प के अनुसार अर्हताधारी हों। वे दिनांक 06.08.2024 तक जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। भरा हुआ आवेदन 6 अगस्त 2024 तक ही जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में जमा करना है। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा द्वारा दी गयी।

## जिप अध्यक्ष ने कुआं निर्माण का लिया जायजा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत ग्राम उगरा टंगरा टोली में मनरेगा योजना से हो रहे कूप निर्माण कार्य की शिकायत पर जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने स्थल परिभ्रमण कर जांच किया। जांच में पाया गया कि ईंट की क्वालिटी बहुत ही घटिया है। आधा से ज्यादा ईट टूटे हुए पाये गये। जिप अध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक नंबर इट की जगह पर दो व तीन नंबर की ईंट दिया जा रहा है। ईंट की क्वालिटी देखने पर पता चला कि मेड़बंदी के लिए भी काम नहीं आ सकते है। लाभुक के द्वारा बताया गया है कि कूप निर्माण कार्य शुरूआत किये हुए 3 महीने हो गये है। लेकिन हमे न तो समय पर ईंट दिया जा रहा न ही बालू और न सिमेंट। हमलोग बस इंतजार में रहते है कि हमे समय पर सामान उपलब्ध हो जाये। उपर से वेंडर के द्वारा लाभुक पर दबाव बनाया जा रहा कि आप यही ईंट से अपना काम करवाएं। जांच में लाभुक की शिकायत की सत्यता पायी गयी। जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने बताया कि इसकी रिर्पोट बनाकर तैयार किये गये है। यहीं पर जो मनरेगा कर्मी, भेंडर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक जो भी इस कार्य में संलिप्त है उनके उपर सख्त कारवाई की जायेगी। इस मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, सनियारो उरांव, देवन्ती उरांव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# सुदेश महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी अपना परचम लहरायेगी : देवशरण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला प्रधान कार्यालय में एक बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में आजसू पार्टी सुदेश महतो के नेतृत्व परचम लहराएगी। आज लोहरदगा विधानसभा की तैयारी का जायजा लेने के पश्चात मै यह कह सकता हूं कि इस बार लोहरदगा में आजसू पार्टी रिकॉर्ड मतों से विजयी प्राप्त करेगी। एक-एक कार्यकर्ता इस बार तन मन धन से आजसू पार्टी को जीताने के लिए तत्पर है। वहीं बैठक में लातेहार के पूर्व उपायुक्त आईएएस राजीव कुमार महतो ने कहा कि मैं सरकारी सेवक से रिटायर होने के बाद सामाजिक सेवा करने के लिए पार्टी में आया हूं और मैं आप लोगों के साथ हूं क्योंकि यह मेरा गृह क्षेत्र है। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के लोहरदगा दौरे को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख, युवा मोर्चा तथा सभी अनुसांषगिक इकाई को विस्तार हो रहा है एवं चुनावी वर्ष में हम चल रहे हैं। जिला के संयोजक एवं केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने संगठन के मजबूती पर अपनी बात को रखें। केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव चूल्हा प्रमुख जल्दी से जल्दी कैसे बने इस पर अपनी बात को रखते हुए सभी को संबोधन किया। बैठक का संचालन बुद्धि की मंच के केंद्रीय सचिव दिलीप साहू ने किया। बैठक में जिला संयोजक महेंद्र महतो, बबलू महतो, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, संजय विश्वकर्मा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कौशिक राज मेहता, गुड्डुस प्रसाद, मीर आरिफ उर्फ छोटू, शाहिद अंसारी, शमीम अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान सप्ताह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भविष्य के वैज्ञानिक तैयार करने की दृष्टि से 25 जुलाई से विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ भारतीय महान रसायन शास्त्री नागार्जुन की खोज और उपलब्धियों पर परिचय कर कराया गया तथा कार्यक्रम के अंतर्गत भैया-बहनों का प्रयोगशाला दर्शन के साथ विभिन्न प्रकार के प्रयोग के गुण सिखाए गये। द्वितीय दिवस में महर्षि चरक का जीवन परिचय तथा महाविद्यालय के महर्षि चरक वाटिका में उपलब्ध विभिन्न औषधीय पौधों का उपयोग बताया गया। तृतीय दिवस में आचार्य सुश्रुत की जीवनी एवं उपलब्धियां पर चर्चा के साथ-साथ महाविद्यालय के फुलों के बागो के देख-रेख के बारे में बताया गया। चौथे दिवस में महाविद्यालय के भैया बहनों द्वारा अपने ग्राम मोहल्ले के पास पौधारोपण कर उसकी देखरेख और सुरक्षा करने का प्रण भी लिया गया। पंचम दिवस में मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन परिचय तथा ग्राम के खेतों का दर्शन कराया गया। छठा दिवस भारतीय वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का जीवन परिचय तथा पर्यावरण निरीक्षण कर भैया बहनों द्वारा अपने विचार साझा किए गये। सातवें दिवस जगदीश चंद्र बसु का जीवन परिचय के साथ-साथ वनस्पति विज्ञान की जानकारी दी गयी। विज्ञान सप्ताह का समापन भारतीय रसायन शास्त्र दिवस के रूप में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती मनाते हुए 2 अगस्त को विज्ञान प्रश्न मंच के आयोजन के द्वारा किया जायेगा। इसके लिए भैया बहनों में उत्साह देखने को मिल रहा है। महाविद्यालय में भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है।

## युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया स्टेट को-कन्वेनर बनाये गये अल्ताफ अंसारी



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड से झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस ने ग्राम कैरो लोहरदगा के रहने वाले अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया स्टेट को-कन्वेनर बनाया गया। अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं, मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नये युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा। पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रदेश को-कन्वेनर बनाये जाने पर लोहरदगा लोकसभा से सांसद सुखदेव भगत झारखंड युवा कांग्रेस के प्रभारी इशिता सेढा, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राजय, मंत्री सह विधायक रामेश्वर उरांव, यूथ राष्ट्रीय सचिव व उड़ीसा प्रभारी अभिनव सिदार्थ, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विक्की भदौरिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती रागनी नायक, यूथ कांग्रेस महा सचिव फहद खान, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, बिसूनपुर विधानभा अध्यक्ष इमरान आजाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, कैरो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

### मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना

# लाभुकों के चयन के लिए पंचायतों में लगेगा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जानी है। जिसे लेकर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को सेविका सहायिका समेत तमाम प्रखण्ड कर्मियों के साथ बैठक की। इस सम्बंध में उन्होंने बताया कि योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। इसका वितरण, जमा करने एवं स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी। आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका अपने-अपने क्षेत्र के घरों में जाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को चिंहित कर आवेदन उपलब्ध करायेंगे।

**पंचायत स्तरीय शिविर लगेगा :** लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा। आवेदनों को पोर्टल में इंट्री करने के लिए वीएलई रहेंगे। आवेदन के स्वीकृति पदाधिकारी के रूप में अधिकृत बीडीओ/सीओ आवेदनों का सत्यापन तीन दिनों के अंदर करके स्वीकृति प्रदान करेंगे।

# लोजपा के जिला अध्यक्ष संगठन को कर रहे हैं मजबूत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार लोक जनशक्ति पार्टी के लातेहार जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान के द्वारा पदाधिकारी के उपस्थिति में कार्यकर्ता सम्मेलन का 31 जुलाई आयोजन किया गया।कार्यकर्ता सम्मेलन में चंदवा प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 200 कार्यकर्ता लोक जनशक्ति पार्टी उपस्थित होकर जुड़े। ढेर सारे कार्यकर्ता को लोक जनशक्ति पार्टी का पट्टा देकर जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक संपन के पूर्व लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव भी किया गया जिसमें सर्वसम्मति से श्री बालेश्वर प्रजापति को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। जिला अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को लोक जनशक्ति पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। नागेंद्र प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष, शिवनंदन पासवान उपाध्यक्ष, विकास दुबे उपाध्यक्ष, योगेंद्र शुक्ला, सचिव, दिलीप कुमार सचिव एवं अन्य पदाधिकारी के उपस्थिति में कई कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भाग लिया।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर अस्पताल में 31 जुलाई को जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से (फाइलेरिया) एमडीए-आइडीए सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों के पदाधिकारियो के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गयी कि लातेहार अंतर्गत के सभी ने इस जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह निर्देशन अनुसार दिये गये। आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में लक्षित लभार्थियों को शत प्रतिशत फाइलेरिया की दवा खिलान सुनिश्चित करना है। जिला मलेरिया कंस्लटर सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग से बारे में बताया की मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसित हो जाते हैं, इस का लक्षण एवं प्रभाव पांच मे से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाइलाज बीमारी है। पीरामल क फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम में प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने प पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में उपस्थित मीडिया प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन मे एबीसी टीम के प्रोग्राम मैनेजर देबानजन बेनर्जी उपस्थित थे।

## जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर मारवाड़ी समाज ने जताया शोक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोहरदगा जिला के पूर्व संघ संचालक अग्रणी समाजसेवी व व्यवसायी जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जुगल किशोर पोद्दार सरल, मिलनसार, मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। वे कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। वे वर्ष 1968 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय स्वयंसेवक थे। तथा वे विद्या भारती के शिशु विद्या मंदिर, वनवासी कल्याण केंद्र, सहित कई संगठनों मे विभिन्न दायित्व मे रहते हुए उल्लेखनीय कार्य करते हुए बहुमूल्य योगदान दिये। तथा विगत 40 वर्षों से लोहरदगा में अपने आवास मे श्री श्याम महोत्सव का आयोजन कराते आ रहे हैं। उनकी शालीनता स्पष्टवादिता, सरलता और समाज के प्रति समर्पण पूरा समाज हमेशा याद रखेगा। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# लोहरदगा के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने गिरिडीह में दिखाया दम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्तरीय चैंपियनशिप सह ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम गिरिडीह में किया गया। जिसमें लोहरदगा के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी भाग लिया एवं बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मिक्स डबल्स में काजल कुमारी व विनय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वूमेंस सिंगल्स में काजल कुमारी तीसरे स्थान प्राप्त कर लोहरदगा जिला का मान बढ़ाया। इसके बाद चयनित खिलाड़ी ईस्ट जॉन का टूनार्मेंट बिहार के गया में होना है, जिसमें बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और असम राज्य के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पैट्रोन संसद सुखदेव भगत, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलीस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला कोषागार पदाधिकारी सुनील कुमार, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व बिहार विधान परिषद प्रवीण कुमार सिंह, अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, मलय दत्ता, संजय कुमार बर्मन, राकेश शर्मा, प्रवीण पटेल, रंजीत साहू, प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, दुबराज यादव, राहुल कुमार, गणेश पांडेय, प्रवीण पटेल, नीरज खत्री, उत्तम शर्मा, शिव कुमार भगत, सतीश उरांव, दिनेश पांडेय, बाल्मीकि सिंह, विनोद उरांव, एस सुजाउद्दीन राजा, ब्रजकिशोर बड़ाईक, गुलाममुतुर्जा अंसारी, रंजीत साहू, राहुल साहू इत्यादि ने बधाई दिया।

## साधनसेवियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत डायट चीरी में जिला साधनसेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज संस्था के तकनीकी सहयोग से किया गया। डायट प्राचार्य अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सी3 संस्था के प्रतिनिधि दीपक कुमार ने विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए 16 मॉड्यूल स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कौशल, बाल विवाह के ऊपर संक्षिप्त चर्चा करते हुए जिला साधनसेवी की इस कार्यक्रम में भूमिका को ले कर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण स्थल पर प्रथम पांच पहुंचने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया।

## राज्य सरकार के खिलाफ सात नवंबर को प्रदर्शन करेगी भाजपा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** हेमंत सरकार के खिलाफ आगामी सात नवंबर को लातेहार मे भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसे लेकर बुधवार को बरवाडीह प्रखण्ड के कुटमु मे महिला मोर्चा की प्रभारी स्टेला नगेसिया व महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुपाली देवी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान प्रभारी स्टेला नगेसिया ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश चरम पर है।जनता अब इस सरकार से निजात चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होनेवाले है। लेकिन यह सरकार विकास के पैनाने पर शून्य है। बहन-बेटियां घरों में असुरक्षित हैं। तीन वर्षों में पांच हजार से ज्यादा बहन-बेटियां दुष्कर्म की शिकार हुई हैं। विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।सरकार आपके द्वार करते करते इडी के द्वार पहुंच गयी। ऐसे में भाजपा ने प्रखंड, जिला और प्रदेश स्तर पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। जिसमे हजारों कार्यकर्ता आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश के नेता, जनप्रतिनिधि, सांसद-विधायक शामिल होंगे।

# डेवीडीह के पास ऑटो पलटने से 16 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित डेवीडीह के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार 16 लोग घायल हो गये। घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक डेविडीह गांव से 16 लोग धान रोपने पसंगा गांव गये थे। इसके बाद गांव में ही एक ऑटो को किराए पर लेकर सभी अपने गांव नौनी लौट रहे थे। इसी क्रम में डेवीडीह के समीप एक भैंस अचानक सड़क पर आ गया। इसके इसके बाद ऑटो सामने से आ रहे पुलिस अधीक्षक के वाहन को टक्कर मारते हुए सड़क पर ही पलट गया। घटना में ऑटो में सवार 16 लोग घायल हो गये। घायलों में लड़कियां और महिलाएं शामिल हैं। जबकि 1 साल का मासूम भी घटना में घायल हो गया इसके बाद पुलिस सभी घायलों को दूसरे दो ऑटो में सदर अस्पताल लाया गया। जहां



सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में आरती देवी, ज्योति देवी, रूपा कुमारी, कुसमी देवी, चुलबुली देवी, बेचन देवी, तारामुनी कुमारी, सुचिता कुमारी, सूरज मुनि देवी, करीना देवी, झपाइन देवी, इंद्री देवी, माही कुमारी, सरिता कुमारी, दीपिका कुमारी सहित एक साल का मासूम विकास लोहार शामिल है। घायलों ने बताया वाहन में सभी खचाखच भरे हुए थे। वहीं चार पांच लड़कियां ऑटो के ऊपर भी बैठी थी। ओवरलोड होने के कारण ऑटो चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। वही सामने भैंस के आ जाने से वह संभल नहीं पाया और अनियंत्रित होकर पुलिस वाहन को टक्कर मार दिया।

# बढ़ते अपराध के खिलाफ बंद रहा गुमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर के मेन रोड स्थित प्रतिष्ठान कनक ज्वेलर्स में दिन दहाड़े गोलीबारी की घटना को लेकर शहर के व्यापारियों ने गुमला बंद रखा। कनक ज्वेलर्स मालिक प्रकाश कुमार पर गोलीबारी कर कातिलाना हमला करने की वारदात को लेकर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर मंगलवार की शाम मशाल जुलूस और बुधवार को गुमला बंद रखा गया। जिला प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग पर बुधवार को गुमला बंद रहा। सुबह से ही व्यापारियों ने अपनी - अपनी दुकाने बंद रखीं। पटेल चौक पर सड़क जाम कर दिया गया । सड़क मार्ग पर लंबी कतारें भारी वाहनों एवं यात्री बसें फंस गई। इसकी सूचना मिलते गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जाम करने वाले चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बातचीत की। आश्वाशन देते हुए कहा कि 72 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी की वादा पुलिस करती है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज लेकर अज्ञात अपराधियों की धर - पकड़ के लिए पुलिस सर्च अभियान शुरू कर दिया है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव द्वारा समझाने पर जब चेंबर ऑफ कॉमर्स जाम समाप्त करने के लिए राजी नहीं हुए और बस ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा भी चेंबर के बंद को यात्री बसों का परिचालन शुरू रहने की मांग पर चेंबर और बस एसोसिएशन में थोड़ी गहमागहमी शुरू हो गई इसके बाद जाम स्थल पर सदर एसडीओ के पहुंचने पर चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा से प्रशासन से हुई बातचीत कर आवश्यक सेवा बहाल रखते हुए गुमला बंद की रखा गया । चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बुलाए गए बंद असरदार साबित हुआ है और गुमला में चोरी , अपराधिक घटनाओं एवं नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जिला प्रशासन से मांग रखी गई है ।

## भाजपा ने एसपी को सौंपा मांग पत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिला में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं चोरी डकैती नशा-खोरी छिनतई लूटपाट गोली बारी की बढ़ती घटनाओं से भाजपा जिला गुमला की ओर से गुमला आरक्षी अधीक्षक महोदय को एक मांग पत्र सौंपा गया। साथ ही चेंमर ऑफ कॉमर्स द्वारा की गई गुमला बंद का भारतीय जनता पार्टी ने अपना समर्थन देने की घोषणा की। ज्ञापन देने वाले में प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह एवं विजय कुमार मिश्रा, कौशलेंद्र जमुआर, विजय शंकर दास, हरिहर कुमार, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिनेश सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सोनी (छोटे) आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।**

## टाटी में तीन शिक्षकों के बहाली के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत गांव टाटी में जीईएल प्राथमिक विद्यालय टाटी में तीन शिक्षकों के बहाली के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल समिति के हिज्कियेल लुगुन समिति सचिव एवं अध्यक्ष पादरी जेम्स नाथीनियल तोपनो ने बताया की विद्यालय में एक से पांच कक्षा तक के बच्चों की पढ़ाई होती है तथा पांच शिक्षक का पद है उसमे दो शिक्षक कार्यरत है। तीन शिक्षकों का पद खाली है जिसके बहाली के लिए विज्ञापन के द्वारा अभियार्थियों को आवेदन आमंत्रित कर परीक्षा का आयोजन दिन बुधवार को किया गया। इस परीक्षा में कोई आरक्षण नहीं है तथा परीक्षार्थी का चयन उनके प्राप्तांक के अनुसार किया जायेगा। साथ ही उनके शिक्षण संबंधी सर्टिफिकेट के आधार पर ही चयन किए जाने की बात बताई। परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 163 अभियार्थी का आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमे कुल 106 अभियार्थी परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल में कमरा कम होने के कारण विद्यालय समिति ने विद्यालय परिसर में ही टेंट लगाकर परीक्षा लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। विधि व्यवस्था नियंत्रण के लिए कुरकुरा थाना के प्रभारी भी अपने दलबल के साथ मौजूद थे।

## जयंत कुमार मिश्रा को झारखंड अधिविद्य परिषद के सचिव बनाये जाने पर मयूरी ट्रस्ट ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शिक्षाविद जयंत कुमार मिश्रा को झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के सचिव बनाये जाने पर मयूरी ट्रस्ट झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता एवं सचिव चैताली सेन गुप्ता ने बधाई दी है। ट्रस्ट के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा है कि शिक्षाविद जयंत कुमार मिश्रा के शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनोखे कार्यों को देखते हुए झारखंड सरकार ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के प्रशासी पदाधिकारी से स्थानांतरित करते हुए झारखंड अधिविध परिषद रांची का सचिव बनाया है जो उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के कारण ही संभव हो सका है, वह प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं और उनके मार्गदर्शन में झारखंड राज्य में शिक्षा क्षेत्र में नए सुधार देखने को मिलेंगे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचायें : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत जमीन पर उतरना होगा। उक्त बातें प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने गुमला परिसदन में कहीं। वे कांग्रेस के सदर प्रखंड स्तरीय बैठक में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड राज्य में गठबंधन की सरकार है और गठबंधन की सरकार ही आम लोगों के हितों के बारे में सोच सकती है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए इशारे में उन्होंने कहा कि हम उस पार्टी नहीं हैं जिन्हें केवल चार धन्ना सेठों की चिंता सताती रहती हो। बल्कि हमें गर्व है कि हम लोग उस पार्टी से हैं जो पार्टी गरीबों, दीन दुखियों और देश के अंतिम व्यक्ति तक की चिंता मे दिन लगी रहती है। पूर्व में भी मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, भोजन



का अधिकार जैसी कई बड़ी योजना कांग्रेस के द्वारा आम जनों के हितों के लिए तैयार की गई और उन्हें अमली जमा भी पहनाया गया। यह योजनाएं धरातल पर इतनी कारगर साबित हुई की गैर कांग्रेसी सरकारें भी इन योजनाओं को रद्द करने की हिम्मत नहीं जुटा सकीं। बता दें कि बुधवार यानी 31 जुलाई 2024 को सदर प्रखंड कांग्रेस कमिटी गुमला ने कांग्रेस पार्टी की। बैठक परीसदन भवन गुमला में रखी गई थी। जिसकी अध्यक्षता सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरॉव उपस्थित रहे। चैतु उरॉव ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि गुमला जिला के ,सभी प्रखंडो में बैठक करनी है। राहुल गांधी द्वारा सभी प्रमंडल मे विधानसभावार यात्रा के शुभारंभ में कार्यक्रम होना है। हम सभी को जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर तक के पार्टी पदाधिकारियों एवं जिला, प्रखंड कमिटी के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्ययोजना तैयारी हम सभी कर रहे है। बैठक में रमेश कुमार, अखिल रहमान, बिष्णु राम, रामनिवास प्रसाद, खालिद साह, कलाम आलम, तरुण गोप, ब्रज किशोर, राजा खड़िया, फ्रांसिस बाड़ा, महेंद्र उरांव सहित काफी संख्या में कोंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुऐ।

# जन प्रदर्शन की तैयारी को लेकर झानद ने घाघरा के कई गांवों का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल के कार्यकताओं ने 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष आयोजित जन प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बुधवार को घाघरा प्रखंड के कई गांव का दौरा कर सहारा और नन बैंकिंग कंपनीयो में जमाकताओं से जन प्रदर्शन कार्यक्रम में चलने की बृहद तैयारी करने की अपील की है। इस मौके पर चपका व अन्य गांव के जमाकताओं ने झारखंड नव निर्माण दल के संयोजक विजय सिंह को बताया कि सहारा इंडिया, बेडो बैंक, इत्यादि ननबैंकिंग कंपनी में हम लोग 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक अपने बेटा-बेटी की शादी अच्छे से कर सकें तथा बचत के ख्याल से जमा किए थे, लेकिन जब पैसा लौटाने की बारी आई तो कंपनी ही गायब हो गया वहीं हमारी व्यथा को सुनने वाला कोई सरकार नहीं है। इस पर



श्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम मेहनत के जमा पैसे कि जल्द भुगतान की मांग के लिए विवरणी पर्ची भरी जा रही है जिसमें कंपनी का नाम, जमा राशि, मैच्योरिटी तिथि, जमाकर्ता का नाम व पूरा पता भरकर 4 अगस्त 2024 को दिन के 11 बजे से गुमला कचहरी में ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा लगने वाली शिविर में आकर विवरणी पर्ची जमा करें। ताकि 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष होनेवाली जन प्रदर्शन कार्यक्रम के जरिए सरकार को भेजने वाली सभी जमाकताओं का विवरणी पर्ची जमा किया जा सके। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि यह कार्य बार-बार नहीं होगा। पैसे भुगतान की मांग को लेकर बड़ी कोशिश की जा रही है। इस कोशिश में जमाकताओं को साथ आने की जरूरत है ताकि उनका डूबा हुआ पैसा मिल सके। इस मौके पर शिवप्रसाद साहू, मूनू साहू, बसंत बड़ाईक, पुष्पा उरांव, सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति घोटाला के आरोपी ने किया सरेंडर



**भरनो (आजाद सिपाही)।** अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाला के आरोपी जिप सदस्य जेंगा उरांव ने किया कोर्ट में सरेंडर। प्रखंड में चर्चित (भरनो थाना कांड संख्या 48/23) अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाला के मुख्य आरोपी जिला परिषद सदस्य जेंगा उरांव ने पुलिस दबिश के कारण बीते मंगलवार को गुमला कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस संबंध में थानेदार कंचन प्रजापति ने बताया कि आरोपी ने अल्प संख्यक छात्रवृति में 41 लाख रुपये का घोटाला किया है। भरनो थाना में जिला कल्याण पदाधिकारी ने इसके विरुद्ध केस दर्ज कराया था ।तब से जेंगा उरांव फरार चल रहा था। बीते कुछ दिन पहले पुलिस ने उसके घर में इस्तेहार चिपकाया था और 15 जुलाई तक कोर्ट में सरेंडर करने की अपील की थी। फिर पुलिस ने आरोपी के घर की कुर्की के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। पुलिस द्वारा उसके घर में गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गयी। साथ ही परिजनों को जेंगा उरांव को सरेंडर कराने के लिए दवाब बनाया गया। फलस्वरूप जेंगा उरांव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जेंगा उरांव भरनो में आदिवासी पब्लिक स्कूल नाम से निजी स्कूल का संचालक है।

# किसानों को समय से केसीसी ऋण उपलब्ध कराये बैंक : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बीडीओ अरुण कुमार सिंह किसानों को समय से केसीसी ऋण उपलब्ध कराने सम्बंधित बैंक के मैनेजर को निर्देश दिया। पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम ने बैठक में कहा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल में संवेदक के द्वारा किये गये कार्यों में शिकायतें आ रही हैं। लिखित आवेदन देने के बाद में भी पीएचडी विभाग अधिकारी मौन बैठे हैं कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है। केवाइसी



के संबंध में कहा ग्रामीण परेशान है समय से केवाईसी नहीं होने के वजह से ग्रामीण बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। अबुआ आवास योजना के सबंध में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुक रजिस्ट्रेशन हुआ था उसी के आलोक में पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया, वार्ड सदस्य के द्वारा सत्यापन का कार्य किया गया था। जिनको पीएम आवास योजना के तहत घर मिला था। उसी घर के लोगों को अबूआ आवास योजना का लाभ मिला है। वही प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उराव ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से निर्गत नहीं होने से ग्रामीणों को हो रहे परेशानी को सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में उप प्रमुख बबिता तिर्की, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, जहांगीर आलम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए।

## ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी, सौंपा आवेदन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र से सटे करम डीपा स्थित पेट्रोल पंप के समीप लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने तेल की चोरी कर ली। जिसको लेकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गुमला में सहायक विद्युत अभियंता के पद पर पदस्थापित हरि उरांव ने गुमला थाना को आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में बताया 29 जुलाई को दिन के करीब 2:00 बजे किसी उपभोक्ता का फोन आया और बिजली नहीं होने की शिकायत की। इसके बाद मिस्त्री को भेज कर जांच कराया गया तो पता चला कि ट्रांसफार्मर का पूरा तेल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिससे उक्त ट्रांसफार्मर भी जल गया। इस घटना से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची को करीब दो लाख राजस्व की क्षति हुई है।

# अजियातु गांव की छात्रा को एक सांप ने पांच बार डंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा अजियातु गांव में धान रोपने खेत जा रही राजेंद्र गोप की 14 वर्षीय पुत्री संजना कुमारी को नाग सांप ने पैर में डस लिया। इसके बाद आनन फानन में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक छात्रा विवेकानंद विद्यालय आदर में नौवीं कक्षा की छात्रा है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह घर लौटी जिसके बाद खाना खाकर वह खेत की ओर धान रोपने जा रही थी जहां उसकी मां और अन्य ग्रामीण धान रोपने गये थे। खेत जाते समय रास्ते के पगडंडी में अचानक एक नाग सांप उसके एक पैर में लिपट गया। वहीं छात्रा सावधान की मुद्रा में खड़ी



हो गयी। सोचा कि सांप खुद चला जायेगा। लेकिन सांप ने उसे डस लिया और लगातार चार बार डस लिया। इसके बाद छात्रा डर गयी और पैर को झटक दी। ताकि सांप पैर से अलग हो जाये। लेकिन सांप ने फिर एक बार उसे डस लिया। इसके बाद छात्रा किसी तरह नाग सांप से पीछा छुड़ाई और कुछ दूर भाग कर खेत में ही बैठकर रोने लगी। ग्रामीणों की नजर पड़ने के बाद उसे तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## 25 सदस्यों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांवरिया संघ के बैनर चले बुधवार को 25 सदस्यों का जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। 25 सदस्यों में महिलाएं और पुरुष भक्त शामिल है। इस क्रम में सदस्यो ने बताया कि गुरुवार को सभी सुल्तानगंज पहुचेंगे। जहां से मां गंगा से गंगाजल उठाकर बाबा बैद्यनाथ देवघर पैदल जायेंगे। और भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। जिसके उपरांत बाबा बासुकीनाथ वाहन से जाकर जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद पुन: घर वापस होंगे। इसके पूर्व देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में सभी सदस्यो ने माथा टेका। मौके पर उपस्थित सदस्यों में रामसेवक साहू, बिरेन्द्र साहु, मुकेश ठाकुर, टुनि साहू, चुन्नू गुप्ता, इन्दरसाहू, बेनी गुप्ता, अर्शराज गुप्ता, रविंदर गोप, राजेश साहू, शिवशंकर साहू, हरिद्वार साहू, सुंदर साहू, कृष्णा गुप्ता, हेमांति देवी, पार्वती देवी सहित कई सदस्य शामिल थे।

## मंइयां सम्मान योजना के लिए 03 से लगेगा शिविर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर 03 से 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन झारखंड सरकार के निदेर्शों के आधार पर होगा। उक्त निर्देश के आलोक में गुमला नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चार स्थानों में शिविर का आयोजन किया जाना है। वार्ड 15, 16, 17, 18 शिव मंदिर, करमटोली गुमला में शिविर लगाया जायेगा। वार्ड 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10 के लिए अटल क्लिनिक, आजाद बस्ती खड़ियापाड़ा, गुमला में शिविर लगाया जायेगा। वार्ड 14, 19, 20, 21, 22 के लिए नगरपालिका परिसर, गुमला में शिविर आयोजित किया जायेगा। वार्ड 01, 02, 03, 11, 12, 13 के लिए मिशन चौक, लोहरदगा रोड, गुमला में शिविर लगाया जायेगा।

## बाइकों की टक्कर में दो घायल

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के कुरकुरा थाना क्षेत्र इचागुटू मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत। दो की हालत गंभीर है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कामता आमटोली गांव के सुनील बड़ाइक पारा शिक्षक बरडांढ़ गांव स्थित स्कूल से छूटी के बाद अपने गांव आ रहे थे, इधर एक मोटरसाइकिल में दो लोग सवार होकर कुरकुरा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में कुरकुरा थाना क्षेत्र के इचागुटू मोड़ के पास दोनो में भिड़ंत हो गया। जिसमे पारा शिक्षक समेत मोटरसाइकिल सवार घायल हो गये। बताया जा रहा है कि एक मोटरसाइकिल में सवार दो लोग थे। उनकी हालत गंभीर बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल हुए बताया जा रहा है दिनों कुलबुरू गांव के रहने वाले हैं।

## जवान की हत्या की जिम्मेदारी गिरोह ने ली

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** नेतरहाट घाटी में हुए पुलिस जवान की गोली मारकर हत्या के बाद राहुल सिंह गैंग के द्वारा घटना की जिम्मेवारी इंटरनेट कॉलिंग एवं इंटरनेट नंबर के माध्यम से फेसबुक में पोस्ट किए गए स्क्रीनशॉट एक मीडिया कर्मी को भेज कर ली गई है। इधर थाना प्रभारी धीरज सिंह ने इस संबंध में कहा कि राहुल सिंह गैंग कौन है इनके द्वारा किया गया पोस्ट को लेकर पुलिस सत्यता की हर एक बिंदुओं पर तकनीकी जांच कर रही है।

# सुखदेव भगत ने गुमला में अपराध के बढ़ते ग्राफ को लेकर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर में अपराध के बढ़ते हुए ग्राफ को देखकर स्थानीय सांसद सुखदेव भगत में चिंता व्यक्ति है। उन्होंने इससे संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा है कि अपराधियों का इस तरह बेलगाम हो जाना प्रशासनिक विफलता है। यह घटना कहीं ना कहीं सुरक्षा कर्मियों के दायित्व में लापरवाही को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कि हमें इस नक्सल प्रभावित क्षेत्र को विकास की पटरी पर लाना है तो इसके लिए जरूरी है कि अपराध पर पुलिस प्रशासन का नियंत्रण रहे।



उन्होनें स्पष्ट कहा कि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर पुलिस प्रशासन अंकुश लगाए और जिले में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था हो, ताकि क्षेत्र के लोग आराम की नींद सो सके। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि जब तक लोग बेखौफ जीवन नहीं बिताएंगे तब तक विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होनें शहर में हो रहे लगातार चोरियों पर भी पुलिस प्रशासन को अंकुश लगाने की बात कही है। वही कांग्रेस के जिला महासचिव संतोष गुप्ता गुड्डू ने कहा कि व्यापारियों, सरकारी कर्मियों से लेकर राह चलते व्यक्ति तक के अंदर सुरक्षा की भावना होनी चाहिए। इसके लिए पुलिस प्रशासन को प्रयत्नशील रहना होगा। अन्यथा अपराधिक किस्म के लोग बेखौफ घटना को अंजाम देकर आसानी से निकालते रहेंगे। उन्होनें कहा कि शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चूसत- दुरुस्त रखने के साथ-साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना जरूरी है।

# मंइयां योजना का कैसे मिलेगा लाभ, जब राशन कार्ड से जुड़े हजारों आवेदन पेंडिंग : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन,नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, और रक्तदान प्रभरी सुशील इंदवार के नेतृत्व में गुमला डीसी को राशनकार्ड बनाने में लाभुकों को हो रही परेशानी को लेकर मांग पत्र दिया और बताया कि आज झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईया योजनाओं को धरातल में उतारना बहुत चुनौती का कार्य हो गया गया है,सरकार की घोषणा के बावजूद भी आज लाभुकों के द्वारा सरकारी कार्यालय में दौड़ लगा रहे है कि जल्द से जल्द राशनकार्ड बन जाएं लेकिन राशनकार्ड बनाने



को लेकर आम लोग बहुत परेशान है।मिशन बदलाव के लिए द्वारा डीसी को आवेदन दिया गया कि लाभुकों के राशनकार्ड जल्द बने इसके लिये डीसी को पहल करने की जरूरत है तब ही आम लोंगो तक योजनाओं को जल्द मिलेगा और उसका लाभ महिलाओं को मिल सकता है,ज्योति वर्मा ने कहा बताया कि राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया के वजह से लाखों आवेदन पेंडिंग पड़े हैं और लाभुकों के द्वारा भाग दौड़ निरन्तर जारी है राशन कार्ड में परिवार के सदस्य का नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण लाभुकों की परेशानी बढ़ गयी है। सैयदा खातुन ने बताया कि लंबे समय से कई आवेदन पेंडिंग रहने के कारण कई लाभुकों को लेकर परेशानी हो रही है

**कामना : प्रथम महापौर ने अच्छी बारिश के लिए किसानों के साथ की पूजा**

# पलामू में एक भी बृहद जलापूर्ति योजना नहीं किसान भुगत रहे खामियाजा: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता


अच्छी बारिश को लेकर आदिवासी समाज की ओर से की जा रही पूजा में शामिल प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर बुधवार को भंडरिया के बगवार पंचायत में आदिवासी समाज की ओर से अच्छी बारिश को लेकर कराई जा रही पूजा में शामिल हुईं। ग्रामीणों के साथ मिलकर भगवान से बारिश की कामना की। कहा कि हमारे पलामू में भी अच्छी बारिश हो, ताकि हमारे किसान भाई अच्छी से खेती कर सकें। प्रथम महापौर ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी जहां दूसरे राज्य में नई-नई तकनीक का प्रयोग कर ज्यादा से ज्यादा वहां के किसान खेती कर रहे हैं। वहीं हमारे जिले में आज तक एक भी वृहद सिंचाई योजना नहीं है। जिस कारण हम पानी के लिए पूजा कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने जन सम्मान यात्रा के क्रम में चौपाल भी लगाया। साथ ही गांव के कई सम्मानित लोगों से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और उस गांव की समस्या को समझते हुए, योजनाओं का पूरा लाभ लेने को कहा। वहीं, लोगों ने प्रथम महापौर की इस यात्रा को काफी सराहा। इश दौरान प्रथम महापौर ने बरगढ़, भंडारिया एवं कई पंचायत का दौरा किया। जहां लोगों ने स्वागत किया।

# मानसून सत्र के बाद मुख्यमंत्री प्रजापति समाज को दे सकते हैं कोई बड़ा तोहफा : अविनाश

**कहाः सदन में मानसून सत्र में मुख्यमंत्री से मुलाकात होना उज्ज्वल भविष्य के हैं संकेत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा का पंचम सत्र चल रहा है। सूबे की समस्या पर बहस की गहमा-गहमी है। इसके बाद राज्यवासियों का भाग्य तय होगा। धरना प्रदर्शन से लेकर मिलने का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन, झगरू पंडित की प्रतिमा का अनावरण, कुम्हारों पर हो रहे दमन व जन समस्याओं को लेकर माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव मानसून सत्र में 18ह जिलों से आए प्रजापति समाज के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया। इसके बाद उक्त जन समस्याओं को उनके समक्ष रखा। यहां तक सभी को पहुंचाने का मंगल कार्य झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। राज्यभर से आए प्रतिनिधि, जो विधानसभा में पहली बार प्रवेश किए थे, सभी ने अपने नेता के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। लोगों ने मुखर होकर कहा कि आगामी चुनाव में भी हेमंत दा हिम्मत के साथ विरोधियों को धूल चटाएंगे, वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द की प्रजापति समाज को सरकार की ओर से एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। बस चंद दिनों की बात है, वहीं अविनाश देव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून सत्र में मुख्यमंत्री जी से हम सबकी मुलाकात प्रजापति समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। इस मौके पर बोद्यनाथ महतो, महादेव महतो, राजेश कुमार महतो, परमेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, संजय प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, विजय कुमार प्रजापति, जनकधारी प्रजापति, कमला देवी, सोनी देवी, कुलदीप प्रजापति, बालगोविंद प्रजापति, सरिता कुमारी, शिवम प्रजापति, नितेश पंडित, दिलीप पंडित, बादल कुम्हार, निरंजन मंडल, महेंद्र राम प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुजीत प्रजापति, यशोदा देवी, दिनेश प्रजापति, ललन प्रजापति समेत अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनाः 10 लाभुकों को 1.27 करोड़ रुपये का दिया गया ऋण

**4 लोगों को स्कोर्पियो,एक लाभुक को बोलेरो व एक को मिला ट्रैक्टर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीडीसी शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। लाभुकों को दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न वाहन की चाबी भी सौंपी। इस कार्यक्रम में 10 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित एक करोड़ 27 लाख छह हजार 556 रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इनमें तरहसी के राहुल कुमार को 13 लाख 915 रुपए की बोलेरो, तरहसी के ही नेहा कुमारी को 1255703 रुपए का बोलेरो दिया गया। इसी तरह विकास कुमार सोनी को 13 लाख का ट्रैक्टर दिया गया। वहीं आशीष कुमार, गोविंद कुमार मेहता, अजय कुमार व रणजीत सिंह को स्कोर्पिओ की चाबी सौंपी गयी। इसके अलावे सतबरवा के संजय कुमार सिंह को टेंट हाउस का रोजगार करने के लिये 10 लाख रुपये का ऋण दिया गया। इसी तरह हरिहरगंज के कन्हाई ठाकुर को हार्डवेयर के व्यापार के लिये 15 लाख रुपये का ऋण दिया गया। वहीं हैदरनगर के अविनाश कुमार को जनरल स्टोर का रोजगार करने के लिए 50 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया।

# 324 छात्र-छात्राओं के बीच हुआ साइकिल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड के 20 सरकारी विद्यालयों में बुधवार को कक्षा 8 वर्ग के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी व अल्पसंख्यक के छात्र-छात्राओं के बीच सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बीइओ रामनरेश राम ने 324 साइकिल का वितरण किया। इसमें प्रखंड के स्तोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर, कटैया, सरसोत, सूलतानी, तेंदुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय लंगुराहा, तूरी, ढकचा आदि विद्यालयों के बच्चे शामिल थे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद, आनंद मोहन सिंह, अर्जुन बैठा, दुर्गा राम, कृष्णकांत, अभिलाषा कुमारी आदि मौजूद थे।

# बात सिर्फ विकास की होनी चाहिएः प्रभात दुबे

**डंडीला कला में कांग्रेस ने आयोजित किया ग्राम सभा, सुनी लोगों की समस्याएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला के डंडीला कला में बुधवार को कांग्रेस की ओर से ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित और संचालन नेयाज खान ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के युवा नेता प्रभात दुबे उर्फ बड्डू दुबे भी शामिल हुए। बैठक में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने उनको सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेसी नेताओं के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस पर बड्डू दुबे ने ग्रामीणों की समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। कहा कि अब विश्रामपुर विस क्षेत्र में जात धर्म की बात बंद होनी चाहिए। अब बात सिर्फ विकास की होनी चाहिए। विकास की बात तो सिर्फ कांग्रेस ही करती है। कहा कि स्थानीय विधायक ने क्षेत्र के बजाए सिर्फ अपना ही विकास किया है। लेकिन जनता अब उनके मंसूबों को समझ चुकी है। इस बार उन्हें यहां की जनता नकार देगी। विश्रामपुर विस क्षेत्र बदलाव की राह पर चल चुका है। इस मौके पर बेलाल अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एनामुल हक उर्फ गुड्डू, इमरान कादरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकार की ओर से आवंटित साइकिल की गुणवत्ता में हेराफेरी की आशंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड सरकार की ओर से प्रदत्त कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच मुफ्त वितरण की जा रही साइकल की गुणवत्ता को लेकर भारी असंतोष है। हरिहरगंज स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को साइकल वितरण के दौरान कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बताया कि हीरो ईको टेक कंपनी की जगह कावेरी कंपनी का क्रोस ब्रांड साइकल दिया जा रहा है। जबकि पावती रसीद में हीरो ईको टेक लिमिटेड का क्रोस ब्रांड साइकल मिलने की बात कही गई है। इस संबंध में साइकल सप्लाई कर रहे सुपर वाइजर मिलन चटर्जी ने भी साइकल की वास्तविक कंपनी के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। जब उनसे पूछा गया कि हीरो कंपनी का साइकल होने का प्रमाण दिखाएं। तो जवाब देने से कतराते रहे। छात्रों ने बताया कि साइकल पर कहीं भी हीरो कंपनी नहीं लिखा है। इस संबंध में साइकल वितरण करा रहे हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम ने बताया कि विभाग के निर्देश पर साइकल का वितरण कराया जा रहा है। वितरण करने वाली कंपनी से संबंधित उन्हें विशेष जानकारी नहीं है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा साइकल दी जा रही है। वितरण एजेंसी और क्वालिटी के संबंध में कल्याण विभाग से ही जानकारी मिल सकती है।

# प्रखंड प्रमुख ने डीडीसी को आवेदन देकर बीडीओ पर लगाया मनमानी का आरोप




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी ने डीडीसी को आवेदन देकर बीडीओ के खिलाफ मनमानी करने का आरोप लगाते हुए इकी जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा है कि हुसैनाबाद बीडीओ को आवेदन देकर मनरेगा के पंजीकृत भेंडर जिनका हुसैनाबाद क्षेत्र में कही दुकान नहीं है उक्त वेंडर के भुकतान पर रोक लगाने की लिखित शिकायत की गयी थी। इसके बावजूद मार्च 2024 में बीडीओ ने उक्त वेडर को 84 लाख रुपये की राशि का भुगतान करवा दिया। वहीं, पंसस द्वारा किए गए विकास कार्यों का भुगतान बीडीओ द्वारा यह कहकर नहीं किया गया कि केंडरो का जीएसटी बकाया है। जबकि अन्य मनरेगा योजना का भुगतान किया गया है। दूसरी ओर, आवेदन में अबुआ आवास योजना में भी लाभुक चयन में भारी अनियमत्ता बरतने का आरोप लगाया है। जो जांच का विषय है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उक्त मामलों को लेकर पूर्व में एसडीओ को भी ज्ञापन दिया गया है। प्रमुख ने दिये ज्ञापन में पलामू डीडीसी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इसकी प्रतिलिपि पलामू आयुक्त को भी दी गयी है। मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, बिगन प्रजापति, राजवंश यादव आदि मौजूद थे।

## अनिता देवी बनी एकडरी मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एकडरी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर बुधवार को अभिभावकों और ग्रामीणों की बैठक हुई। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पलामू एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद के आदेशानुसार विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाना है। बैठक की अध्यक्षता पथरा के मुखिया नरेश पासवान और संचालन प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में संकुल साधन सेवी अखिलेश सिंह मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से अनिता देवी को प्रबंधन समिति का अध्यक्ष व ललिता देवी को संयोजिका चुना गया। बैठक में शिक्षिका पूनम, लक्ष्मी, श्रीराम सिंह, असलम, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

## विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्रा, जनसभा व जन संवाद को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुटकी स्थित श्रमिक क्लब में धनबाद प्रखंड कांग्रेस की बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान ने की। इसमें धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी भी शामिल हुईं। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को धनबाद में होने वाली जन संवाद यात्रा के सफल आयोजन और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर धनबाद प्रखण्ड से शंखनाद किया गया। संतोष सिंह ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया है। प्रदेश प्रभारी ने चुनावी तैयारी में तेजी लाने को कहा है। प्रमंडल स्तरीय जन संवाद यात्रा करने का निर्देश दिया है। सभी विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन होगा। विधानसभा चुनाव के वरिष्ठ नेता, स्वतंत्रता सेनानियों व झारखंड आंदोलन के सेनानियों से भी मिलने को कहा गया। प्रबुद्धजनों से एक मुलाकात, अपनों के साथ कार्यक्रम भी करने का टास्क दिया गया है। वहीं, प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को और धारदार बनाने की जरूरत है। बैठक में क्यूम खान, लक्ष्मण, तिवारी, अश्वयर प्रसाद, निवास रजवार, रामविलास राम, केंदुआ-करकेंद नगर अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान, उपाध्यक्ष अन्नू पासवान, दीपक सिंह, जितेश सिंह आदि मौजूद थे।

## धरने पर बैठे मनरेगा कर्मियों को मिला अमरेश सिंह व अरुप चटर्जी का समर्थन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रणधीर वर्मा चौक पर 'वादा निभाओ मनरेगा कर्मियों को स्थाई करो' कार्यक्रम के तहत धनबाद इकाई के सभी मनरेगा कर्मियों द्वारा बुधवार को एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। जिसमें सभी मनरेगा कर्मी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक कंप्यूटर, सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक आदि उपस्थित रहे। मनरेगा कर्मियों के प्रदर्शन को निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और भाजपा नेता अमरेश सिंह ने भी समर्थन किया। अरूप चटर्जी ने कहा कि जब तक इन्हें इनका हक नहीं मिलेगा तब तक उनके हक की लड़ाई में वे उनके साथ हैं। झारखंड और केंद्र सरकार को उनके हित के लिए उनकी मांगों को पूरा करना होगा। वहीं, भाजपा नेता अमरेश सिंह ने भी कहा कि झारखंड के विकास में मनरेगा कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। जो भी इनकी मांगे हैं झारखंड सरकार को उस पर ध्यान देना चाहिए। बताते चलें कि विगत 22 जुलाई से राज्य के सभी मनरेगा कर्मी अलग-अलग जगह से झारखंड सरकार की वादा खिलाफी और अपने अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



भारत की लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलिंपिक में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं।

# लवलीना बॉक्सिंग के क्वार्टरफाइनल में, मेडल से एक जीत दूर

**स्वप्निल 50मी राइफल 3-पोजिशन मेंस के फाइनल में, सिंधु-लक्ष्य अंतिम-16 में**



**पेरिस (एजेंसी)** टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने पेरिस ओलिंपिक में अपनी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वे मेडल से एक जीत दूर हैं। उनका अगला मैच 4 अगस्त को वर्ल्ड नंबर-1 चीन की ली क्वीन से होगा। पेरिस में बुधवार को गेम्स के 5वें दिन भारतीय खिलाड़ी 6 खेलों में दावेदारी पेश कर रहे हैं। लवलीना ने विमेंस बॉक्सिंग की 75 केजी वेट कैटेगरी में राउंड ऑफ-16 मैच में नॉर्वेजियन की मुक्केबाज सुनीवा हॉफटड को 5-0 से हराया। बैडमिंटन में लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने राउंड ऑफ-16 में प्रवेश कर लिया है। साथ ही शूटर स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन मेंस इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। टेबल टेनिस में श्रीजा अकुला ने राउंड ऑफ-16 में जगह बनाई। वहीं, अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने लगातार दो मुकाबले जीतते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

**शूटिंग :** भारतीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह पेरिस 2024 ओलिंपिक में शॉटगन शूटिंग के विमेंस ट्रैप इवेंट में फाइनल के लिए कट-ऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही हैं। राजेश्वरी और श्रेयसी दोनों 5 राउंड के बाद कुल 113/125 के स्कोर के साथ क्रमशः 22वें और 23वें स्थान पर रहीं। शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल में पहुंचे।

**आर्चरी :** अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमार विमेंस आर्चरी की इंडिविजुअल कैटेगरी के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। जहां दीपिका का सामना जर्मनी की मिशेल क्रोपन से 3 अगस्त को होगा। दीपिका ने राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड की क्विंटी रोएफन को 6-2 से हराया। उन्होंने पहला सेट 29-28 से जीता। फिर दूसरा सेट 27-29 से गंवा बैठीं। इसके बाद दीपिका ने जबर्दस्त वापसी की और 25-17 और 28-23 से लगातार दो सेट जीतते हुए जीत हासिल की।

## दो-तीन दिनों दुरुस्त कर लिए जायेंगी एसबीआइ के सभी एटीएम : महाप्रबंधक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में खराब एटीएम व्यवस्था को लेकर मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रबंधन हरकत में आ गया है। इस समस्या पर प्रतिक्रिया देते हुए एसबीआइ धनबाद के क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने कहा कि दो-तीन दिनों के भीतर धनबाद शहर के सभी खराब एटीएम मशीनों को दुरुस्त कर लिया जायेगा। यह आश्वासन उन्होंने भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी प्रभात रंजन को दी है। उक्त मामले को लेकर प्रभात रंजन ने मीडिया में प्रकाशित फुटेज को उनके पास भेजा था। साथ ही इसी मामले की शिकायत उन्होंने बैंक के कुछ उच्च अधिकारियों को दिल्ली और मुंबई में भी की थी। साथ ही 10 दिनों में ठीक नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

## 15 अगस्त को लगेगा रक्तदान शिविर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन पलामू की ओर से सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह के साथ बुधवार को मुलाकात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि वार्ता में निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को पलामू स्वास्थ्य विभाग और प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के साथ एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन पुलिस लाइन में किया जाएगा। उसी दिन आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेड़मा में पलामू रेडक्रॉस सोसाइटी एवं प्राइवेट हास्पिटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा।

## 10 टन कोयला जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के निर्देश पर पुलिस ने बांसजोड़ा 12 नंबर के रेलवे लाईन समीप गोफा गाऊंड में छापामारी कर वहां से करीब 10 टन अवैध कोयला जब्त किया। जिसे थाना में लाया गया है। जानकारी के मुताबिक कोयला के अवैध कारोबार करने वालों ने सेंद्रा बांसजोड़ा रेलवे साईडिंग से सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल गार्ड की मौजूदगी में कोयला चोरी कर रेलवे लाईन के बगल के झाड़ियों में छिपाकर रखा जाता है। जिसे रात के अंधेरे में बोरा में भरकर पिकअप वैन या बाइक की मदद से क्षेत्र से बहार या ईंटा भट्ठों में पहुंचा दिया जाता है। उधर, पुलिस की कार्रवाई से अबैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

## सफलता : 29 जुलाइ को हुआ था अपहरण, मांगी गयी थी फिरौती

# अपहृत इंजीनियर बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस ने अपहृत इंजीनियर रमन कुमार झा को अपहरणकर्ताओं से चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही अपहरण का षड्यंत्र रचने के आरोप में सौरभ सिंह नामक युवक को भी रांची से गिरफ्तार कर लिया है। सौरभ के पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार सौरभ को न्याय हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके दी। उन्होंने बताया कि विगत 29 जुलाई को रमन कुमार झा के अपहृत हो जाने की सूचना पुलिस को मिली। उसे छोड़ने के एवज में फिरौती की मोटी रकम मांगी गयी थी। उक्त जानकारी जब धनबाद के एसएसपी को मिली तो उन्होंने डीएसपी (कानून व्यवस्था) दीपक कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर जांच की जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद अथक प्रयास से धनबाद थाना प्रभारी रामनारायण ठाकुर, पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार राम और टीम के अन्य लोगों ने अपहृत रमन कुमार झा को सकुशल बरामद कर लिया।



इंजीनियर के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देती पुलिस।

## बलियापुर उत्क्रमित विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन, दी गयी जरूरी जानकारियां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद में बुधवार को बलियापुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व भारतीय न्याय संहिता विषय पर परिचर्चा सह पुरस्कार वितरण जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। इस अवसर पर सुबह छात्र-छात्राओं द्वारा उक्त विषय पर एक जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। उक्त रैली को प्रधानाध्यापक आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापक के साथ ही दयाल कुमार गोप, नेपाल चंद्र कुंभकार, सुरेश रवानी, सुमन कुमार दास एवं विभाग के सहायक अधिकारी राजकिशोर पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान ने विश्व जनसंख्या माह पर विशेष रूप से जानकारी दी। वहीं, प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना एवं भारतीय न्याय संहिता के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस आयोजन के प्री पब्लिसिटी के तहत गत दिनों हुए निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशोदा कुमारी वर्ग दशम बी, द्वितीय स्थान सूरज देव मंडल वर्ग 9 ए , तृतीय स्थान ज्योति प्रमाणिक क्लास 6, जबकि सांत्वना सांत्वना पुरस्कार विशाल कुमार मंडल वर्ग 10 ए को मिला। वहीं, चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान कुमारी 10वीं बी, द्वितीय स्थान आशा कुमारी 9वीं बी, तृतीय स्थान रिया कुमारी 10वीं बी, सांत्वना पुरस्कार स्वीटी कुमारी वर्ग अष्टम को मिला। जबकि रंगोली प्रतियोगिता के दौरान पांच ग्रुप बनाया गया, इसमें प्रथम पुरस्कार रिया ग्रुप को मिला। उनके ग्रुप में अनु कुमारी, शिल्पा कुमारी, नेहा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार ग्रुप बी को मिला जिनका प्रतिनिधित्व प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी कुमारी, ग्रुप सी में तृतीय पुरस्कार रानी कुमारी शिवानी कुमारी को मिला। वहीं ग्रुप डी में कविता कुमारी, लवली कुमारी, ममता हाड़ी, रानी कुमारी को मिला। ग्रुप ई में पूजा कुमारी अंशिका कनिका एवं सरस्वती कुमारी को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दयाल कुमार, नेपाल चंद्र कुंभकार, सुरेश रवानी, सुमन कुमार दास की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि मंच संचालन राजीव रंजन पांडेय ने किया।

# वारंटियों को पकड़ें व अपराध पर पूर्ण नियंत्रण करें : आइजी

**महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय पहुंचे आईजी, अधिकारियों को अपराध नियंत्रण को लेकर दिये बहुमूल्य निर्देश**

**कहा- खरखरी ओपी को एक महीने में किया जाएगा दुरुस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** बोकारो परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) माइकल राज एस ने बुधवार को महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ ही जवानों का टर्न आउट एवं ड्रील को भी देखा। इस दौरान आईजी ने इंस्पेक्टर से महुदा अंचल क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं सहित विधि-व्यवस्था सामान्य बनाने को लेकर की गयी कार्रवाई और उपलब्धियों की जानकारी ली। महुदा पुलिस अंचल क्षेत्र के सभी ओपी क्षेत्रों में घटी घटना के बाद शांति बहाली को लेकर की गयी कार्रवाई के साथ ही वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया। इसके बाद महुदा पुलिस अंचल के सभी ओपी प्रभारियों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों से संबंधित मामले एवं वारंटी के विरुद्ध शीघ्र हिरासत में लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। थाने में आये फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने और प्राप्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि समय-समय पर पुलिस विभाग को अपराध नियंत्रण के लिए बहुमूल्य निर्देश दिया जाता हैं, जिसके तहत विधि व्यवस्था सामान्य बानी रहे। वहीं, जिले में पुलिस बल की कमी पर चिंता जाहिर करते उन्होंने निकट भविष्य में पूरा करने का भरोशा दिया। साथ ही महुदा अंचल अंतर्गत जर्जर हालत में बसें खरखरी ओपी पर सवाल के साथ ही उन्होंने तत्काल निर्णय लेते हुए एक माह के अंदर बदलाव करने की बात कहीं।

# साइबर ठगों ने सीएसपी संचालक को झांसे में लेकर लगाया 30 हजार का चूना

आजाद सिपाही संवाददाता


**धनबाद।** सीएसपी संचालक को झांसे में लेकर उससे 30 हजार रुपये ठगी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक लोयाबाद मोड़ स्थित मुर्गा विक्रेता हसन अंसारी के मोबाईल फोन पर बुधवार अपराह्न 3.30 बजे कमल कुमार नामक व्यक्ति ने 8623063559 नंबर से फोन किया। उसने कहा कि वो अभी बाहर है। उसे 70 किलो मुर्गा चाहिए। तब मुर्गा विक्रेता से कमल से एडवांस (अग्रिम राशि) के रूप में 5000 रुपये मांगे। उस पर उसने कहा कि सीएसपी संचालक राजू चौधरी से जाकर पैसा ले ले। उससे पहले फोन पर उसकी बात करवा दे। हसन ने ऐसा ही किया और राजू की दुकान पर चला गया। वहां हसन ने राजू को फोन देते हुए बात करने को कहा। इस पर फोन पर ही कमल ने सीएसपी संचालक राजू से बड़ी चालाकी से आग्रह करते हुए कहा कि उसकी चाची के इलाज के लिए तुरंत 30 हजार रुपये 7080681768 पर ट्रांसफर कर दीजिए और जो लड़का उसके पास पहुंचा है उसके बाद 30 हजार रुपये नकद है वह पैसा उससे ले ले। इस पर सीएचपी संचालक राजू ने 'फोन पे' कर 7080681768 नंबर पर तीन बार (8000, 10,000 और 12000) में कुल 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद सीएसपी संचालक राजू ने मुर्गा संचालक हसन से उक्त राशि देने की मांग की, तो हसन उल्टे उसी से मुर्गा के एडवांस के रूप में पांच हजार रुपये देने को कहने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच हंगामा हो गया। बाद में चेंबर के पदाधिकारी ने हस्ताक्षेप कर मामला शांत कराने की कोशिश की। लेकिन दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस उनकी बातें सुनने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मजबूती जरूरी : मनोज सिंह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आगामी कार्यक्रमों को लेकर बोकारो जिला भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व प्रत्याशी जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री और मोर्चा के जिला अध्यक्ष की बैठक बुधवार को बोकारो परिसदन में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय और संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय में जनहितकारी मुद्दे पर विचार विमर्श कर आंदोलन की तैयारी करते हुए प्रदर्शन करना है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से जन संवाद कर संगठन को मजबूती प्रदान करनी है। हर विधानसभा में किसान सम्मेलन होनी है। पार्टी ने सभी विधानसभाओं की जीत के लिये कार्यकर्ताओं को संकल्प लेकर चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाने को कहा है। कहा कि झारखंड की जनता को राज्य की गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों को सत्ता से बेदखल कर राहत दिलानी है। बैठक में निवर्तमान जिलाध्यक्ष भरत यादव, बेरमो पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास, भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, लक्ष्मण नायक, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य देवनारायण प्रजापति, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री ईश्वर प्रजापति, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गिरजा देवी, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष फटीक दास, एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामलाल सोरेन, अल्पसंख्य मोर्चा अध्यक्ष तारा शाह, किसान मोर्चा जिला महामंत्री अरविंद राय, कुमार अमित आदि मौजूद थे।

## हड़ताल पर गये कर्मियों की जायज मांगों को सरकार पूरा करे : कुमार अमित




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्यव्यापी हड़ताल पर गए झारखंड के समाहरणालय कर्मियों एवं मनरेगा कर्मियों के आंदोलन को भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने समर्थन दिया है। कुमार अमित ने बोकारो समाहरणालय के पास विगत 10 दिनों से धरना पर बैठे कर्मचारियों से बुधवार को मुलाकात की और उनकी मांगों से अवगत हुए। लगे साथ सरकार से उनकी जायज मांगों को अविलंब पूरा कर हड़ताल समाप्त कराने की मांग की। कहा कि 17 वर्षों से काम करने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से उक्त कर्मचारियों को ना ही स्थायीकरण किया गया ना ही पीएफ व अन्य सरकारी सुविधा ही दी जा रही है। इस मौके पर झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ बोकारो इकाई के हिमांशु, संजय गोराई, विभांशु, सुनील पॉल, मो नियाज, ओम प्रकाश सिंह, मनरेगा कर्मचारी संघ के कनीय अभियंता अनुरंजन, अभय कुमार, कौशिक कात्यान आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीसी ने विभिन्न विभागों के साथ की समीक्षा बैठक

# गोल्फ ग्राउंड में 9 से 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास, 15 को झंडात्तोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिला प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 अगस्त तक समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर लें। इसमें साफ-सफाई, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखना भी शामिल है। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर जिले में ड्राई डे घोषित रहने का निर्देश दिया। 13 अगस्त को डीसी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारी का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 15 अगस्त को मुख्य समारोह स्थल पर सुबह 9.05 बजे झंडा तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में सुबह 10 बजे, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10.20 बजे, मिश्रित भवन में 10.30 बजे, गांधी सेवा सदन में 10.45 बजे, रेड क्रॉस सोसाइटी में सुबह 11 बजे और धनबाद पुलिस लाइन में सुबह 11.10 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड में डीएपी व एनसीसी के दो-दो प्लाटून और सीआरपीएफ, जेएपी, होम गार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक-एक प्लाटून परेड में शामिल होंगें। इससे पहले 9 से 13 अगस्त तक गोल्फ ग्राउंड में परेड का अभ्यास किया जाएगा। मुख्य समारोह में सरायढेला कोलफील्ड स्कूल के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं, स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को शहर के श्रमिक चौक, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक और अंबेडकर चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, अनुमंडल कार्यालय भवन, मिश्रित भवन, वाणिज्य कार्यालय आदि को आकर्षित रोशनी से सजाया जाएगा। जबकि स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं, 18 अगस्त को फांसी क्रिकेट मैच का आयोजन गोल्ड ग्राउंड में होगा।


**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 05/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–30-07-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाखं) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 01/ 2024-25 | कंचोरा पथ से नतापल रोड़ भाया सुरसुता तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–1.210 कि0मी0) | 145.424 | एक करोड़ पैतालीस लाख बयालीस हजार चार सौ रू0 मात्र। | 9 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 08.08.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–19.08.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 21.08.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 331347 Rural Work Department(24-25).D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा**

**-: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :-**

लोहरदगा जिले के वैसे दुधारू मवेशी पशुपलक जो कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना/गव्य विकास द्वारा संचालित दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम से लाभान्वित अथवा स्वयं से दुधारू पशुओं को पालते है, को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) से आच्छादित करने हेतु इच्छुक पशुपालकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है। पशुपालकों को दुधारू पशुओं के लिए चारा–दाना, पशु आहार, हरा चारा उत्पादन आदि कार्य हेतु बैंको द्वारा कार्यकारी पूंजी के रूप में KCCकी सुविधा प्रदत्त की जाएगी।

KCC से संबंधित आवदेन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु इच्छुक ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालक मूल आधार कार्ड के साथ स्वयं कार्यालय पहुँच कर आवेदन–पत्र प्राप्त करेंगें एवं यथाशीघ्र पूर्ण रूप से भरे हुए आवदेन पत्र कार्यालय में समर्पित करेंगें ताकि आवदेन पत्र जाचोंपरांत शीघ्र बैंको को अग्रसारित किया जा सकें।

**नोट** :– विशेष जानकारी एवं आवदेन पत्र हेतु कार्यालय अवधि में जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 331287 Lohardaga (24-25)_D



**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़**

**–::प्रेस विज्ञप्ति::–**

एद्द द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों जिनके द्वारा मनरेगा नियुक्ति हेतु विभिन्न पदों यथा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक पद के लिए आवेदन समर्पित किये है, उन्हें सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय पत्रांक 2221/जि0ग्रा0, दिनांक 30.07.2024 के द्वारा दावा आपति निराकरण के पश्चात योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन करते हुए द्वितीय दावा आपति हेतु सूचना का प्रकाशन किया गया है तथा अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस बेबसाईट से प्रवेश पत्र Download कर सकेगें। जिसकी दावा आपति की अंतिम तिथि दिनांक 06.08.2024 के अपराहन 05:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी हेतु कुल 6 पद, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) हेतु 6 पद, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) हेतु 18 पद, लेखा सहायक हेतु 3 पद एवं कम्प्युटर सहायक हेतु 6 पद के लिए दक्षता परीक्षा **दिनांक 10.08.2024 को G.M. +2 High School, Ramgarh** एवं समाहरणालय सभाकक्ष "A" में आयोजित की जायेगी तथा रिक्ति के दस–गुणा मेघा अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 07.08.2024 को प्रकाशन की जायेगी। साथ ही दक्षता परीक्षा हेतु कोटिवार योग्य (दस–गुणा) अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र, तिथि एवं समय का निर्धारण निम्नवत किया जाता है:–

| क्र० | विवरणी | समय सारणी | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | द्वितीय दावा आपति प्राप्त की अंतिम तिथि | 06.08.2024 तक (अपराहन 05:00 बजे तक) (स्थान–जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ कार्यालय) | | |
| 2 | दक्षता परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का सूची का प्रकाशन | 07.08.2024 | | |
| 3 | प्रवेश–पत्र प्राप्त करने की तिथि | 07.08.2024 से 09.08.2024 तक (स्थान–जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ कार्यालय) | | |
| 4 | परीक्षा की तिथि | परीक्षा का तिथि | समय | परीक्षा केन्द्र का नाम |
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकरी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक | 10.08.2024 | 01:00PM to 01:30PM | G.M. +2 High School, Ramgarh |
| 2 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 10.08.2024 | 02:00PM to 02:30PM | G.M. +2 High School, Ramgarh |
| 3 | कम्प्यूटर सहायक | 10.08.2024 | 01:00PM to 02:00PM | समाहरणालय ब्लॉक A रामगढ़ |

**नोटः**– अभ्यर्थियों प्रवेश–पत्र प्राप्त करते समय अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं दो फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से लायेगें। बिना पहचान पत्र/फोटोग्राफ के परीक्षा में शामिल नही किया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्व परीक्षा केन्द्र पर भी प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेगें।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़।

PR 331414 (Ramgarh) 24-25 (D)



**उद्योग विभाग**
**कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, राँची।**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष खाद्य उद्योग उन्नयन (PM-FME) योजना के तहत् जिले में खाद्य आधारित सूक्ष्म उद्योगों का दिनांक–10 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 तक इच्छुक उद्यमियों के लिए जिलावार एवं प्रखण्डवार कैम्प लगाकर On line आवेदन–पत्र Registration, Submission and Sanction हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक उपस्थित होकर कैम्प के माध्यम से योजना का लाभ उठाएं। आयोजित कैम्प की विवरणी निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 | दिनांक | स्थान | समय | सम्पर्क कर्मी का नाम एवं मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.08.2024 | ईटकी ब्लॉक, कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री राकेश रंजन– 7004147625 |
| 2 | 02.08.2024 | बेड़ो ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री कुमार पल्लव–. 9065520248 |
| 3 | 03.08.2024 | नामकुम ब्लॉक कैम्पस, राँची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री साजिद परवेज– 9065520253 |
| 4 | 03.08.2024 | काँके ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्रीमती मीरा कुमारी– 9065520243 |
| 5 | 03.08.2024 | बुण्डू ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री सोनू सुशांत एक्का– 9065520245 |
| 6 | 03.08.2024 | तमाड़ ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्रीमती सुमन कुमारी– 9262399545 |
| 7 | 03.08.2024 | ओरमॉझी ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री शेखर प्रसाद– 9065520240 |
| 8 | 03.08.2024 | सिल्ली ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री समीत कुमार लाहा– 9065520255 |
| 9 | 03.08.2024 | माण्डर ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री कुमार पल्लव– 9065520248 |
| 10 | 05.08.2024 | चान्हो ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्रीमती बिन्दु कुमारी– 9065520246 |
| 11 | 06.08.2024 | बुढ़मू ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री प्रभात कुमार– 90065520251 |
| 12 | 07.08.2024 | राहे ब्लॉक कैम्पस, रॉची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री समीत कुमार लाहा– 9065520255 |
| 13 | 08.08.2024 | खलारी ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री राकेश रंजन– 7004147625 |
| 14 | 08.08.2024 | रातू ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्रीमती बिन्दु कुमारी– 9065520246 |
| 15 | 10.08.2024 | सोनाहातु ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्रीमती सुमन कुमारी– 9262399545 |
| 16 | 10.08.2024 | नगड़ी ब्लॉक कैम्पस, रॉची। | 11.00 बजे पूर्वा0 से | सुश्री शबनम निशी कुजूर– 9065520244 |
| 17 | 10.08.2024 | अनगड़ा ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री शेखर प्रसाद– 9065520240 |
| 18 | 10.08.2024 | लापुंग ब्लॉक कैम्पस, राँची | 11.00 बजे पूर्वा0 से | श्री सोनू सुशांत एक्का– 9065520245 |

**नोटः– कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिये राँची जिला के जिला उद्यमी समन्वयक, श्रीमती आतेन विश्वासी टोपनो, मोबाईल न0 9065520231–मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड (MMLKUVB) के से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।**

आदेशानुसार
महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र, राँची।

PR 331307 (Industries, Mines and Geology) 24-25 (D)

### ओड़िशा राज्य नेत्र रोग सोसाइटी का मध्यावधि वार्षिक सम्मेलन एम्स भुवनेश्वर में

# बाल अंधापन की बढ़ती प्रवृत्ति पर विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की

- 97 वर्षीय वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ प्रोफेसर विश्वंभर राजगुरु को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिशु मृत्यु दर में कमी और समय से पहले जन्म, हाइपोक्सिया और पोषण संबंधी कमियों जैसे विभिन्न जोखिम कारकों के कारण बाल अंधापन की बढ़ती प्रवृत्ति एक बढ़ती चिंता है। विशेषज्ञों ने परिधीय केंद्रों पर अत्याधुनिक ऑकुलोप्लास्टी सेवाओं को बढ़ाने और आंखों के स्वास्थ्य के मुद्दों को संबोधित करने और अंधेपन के बोझ को कम करने के लिए अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ये चर्चाएं एम्स भुवनेश्वर में आयोजित ओड़िशा राज्य नेत्र रोग सोसाइटी के मध्यावधि सम्मेलन में हुईं। एक दिवसीय वैज्ञानिक कार्यक्रम में ओड़िशा भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के स्नातकोत्तर डॉक्टरों सहित 230 नेत्र विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गयी। मुख्य चर्चा बिंदुओं में ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता की तत्काल आवश्यकता शामिल है, जो अपरिवर्तनीय अंधापन का कारण बन सकता है और नेत्र ओपीडी में आने वाले हर चौथे रोगी में देखा जाता है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों ने इसके कारणों और प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाने के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट उपस्थित लोगों में एम्स, नयी दिल्ली से पद्मश्री प्रोफेसर जीवन एस टिटियाल और हैदराबाद से ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजीत बाबू मज्जी शामिल थे। इस महत्वपूर्ण दिन पर 97 वर्षीय वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ और सम्मानित शिक्षक प्रोफेसर विश्वंभर राजगुरु को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर राजगुरु, ओड़िशा के दूसरे नेत्र रोग विशेषज्ञ, को राज्य में नेत्र विज्ञान विज्ञान और समाज के विकास के लिए उनके आजीवन समर्पण के लिए पहचाना गया था। अपने स्वीकृति भाषण में उन्होंने ओड़िशा में नेत्र विज्ञान विज्ञान में हुई प्रगति के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की और मद्रास मेडिकल कॉलेज से नेत्र विज्ञान की डिग्री हासिल करने के दौरान ब्रिटिश काल और राजाओं के युग के दौरान अपने शुरुआती वर्षों के दौरान आने वाली चुनौतियों पर विचार किया।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में एम्स भुवनेश्वर के डीन डॉ एन दीप बैग और डॉ पीआर महापात्र उपस्थित थे। दोनों ने आंखों के स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आंख शरीर के लिए खिड़की है। सचिव सुचेता परीजा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। स्थानीय आयोजन समिति, जिसका नेतृत्व डॉ पीके मोहंती, डॉ इंद्राणी रथ, डॉ केसी पाढ़ी, डॉ सुबल किशोर कर, डॉ श्रीमंत बेहरा, डॉ समीर पात्रा, प्रो सर्मिष्ठा बेहरा, डॉ जयेश टोप्पो, डॉ प्रियदर्शनी मिश्रा, डॉ भागवत नायक, डॉ संदीप कुमार साहू, डॉ ब्रुतेंदु मोहना, डॉ बिजन्या पांडा और अन्य रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया।

# वायनाड भूस्खलन से ओड़िशा के डॉ विष्णुप्रसाद चिनारा की मौत की सूचना

- डॉ स्वाधीन पंडा अभी भी लापता हैं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केरल भूस्खलन में उड़िया डॉक्टर विष्णुप्रसाद चिनारा की मौत की सूचना है। डॉ स्वाधीन पंडा अभी भी लापता हैं। डॉ बिष्णुप्रसाद की पत्नी प्रियदर्शिनी पाल और बांधवी स्विकृति महापात्र को बचा लिया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव की पहचान के लिए दो अधिकारियों को केरल भेजा गया है। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि विष्णु प्रसाद के शव की पहचान होने के बाद उसे ओड़िशा लाने की व्यवस्था की जायेगी।

सूचना मुताबिक केरल भूस्खलन में कटक चौद्वार अंचल के डॉ विष्णु प्रसाद चिनारा और डॉ स्वाधीन पंडा लापता हैं। अब खबर मिली है कि विष्णु प्रसाद का शव मिला है। भूस्खलन में दोनों के लापता होने की खबर सुन कर परिजन चिंतित हैं। बता दें कि कटक चौद्वार हाउसिंग बोर्ड के निवासी और हाइटेक मेडिकल के मेडिसीन डॉक्टर बिष्णु प्रसाद और उनकी पत्नी वायनाड में थे। हालांकि, परिवार ने कहा कि सोमवार देर रात अचानक हुए भूस्खलन के कारण विष्णु का कोई पता नहीं चला, लेकिन उनकी पत्नी सुरक्षित हैं।

# भूस्खलन से अब तक 243 मौतें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 243 हो गयी हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गयीं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को रिहैब सेंटर में भेजा गया है। मौसम विभाग ने वायनाड के अलावा मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**केरल को एक हफ्ते पहले अलर्ट किया था, राज्य सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया :** गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया कि 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

**सेना ने दो रिसॉर्ट से 19 टूरिस्ट को बचाया :** सेना ने मुंडक्कई गांव के बाहर स्थित इला रिसॉर्ट और वाना रानी रिसॉर्ट में फंसे 19 टूरिस्ट को बुधवार को निकाला। ये घटना के बाद से यहीं फंसे हुए थे। डिफेंस पीआरओ के मुताबिक, 122 इन्फैंट्री बटालियन मद्रास के जवानों ने रस्सियों के सहारे सभी नागरिकों को चूरलमाला तक सुरक्षित निकालने के लिए एक मानव पुल बनाया।

## यूपीएससी की चेयरमैन बनीं प्रीति सूदन



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 30 जुलाई यानी मंगलवार को प्रीति सूदन को यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) का चैयरमैन नियुक्त किया। 1983 बैच की आइएएस अधिकारी प्रीति सूदन पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव हैं। वे 1 अगस्त को पदभार संभालेंगीं। आंध्र प्रदेश कैडर की अधिकारी सूदन ने महिला एवं बाल विकास, रक्षा मंत्रालय और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्हें प्रमुख बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान भारत मिशन में अहम योगदान के लिए जाना जाता है। इसके अलावा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल आयोग और ई-सिगरेट पर प्रतिबंध पर कानून बनाने का क्रेडिट भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने तंबाकू नियंत्रण पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन के लिए डब्ल्यूएचओ के इंडिपेंडेंट पैनल के मेंबर के रूप में भी काम किया है। इसके अलावा, सूदन ने वर्ल्ड बैंक के साथ सलाहकार के रूप में काम कर चुकीं हैं।

# 'त्रिशूल' के बाद चली 'ब्रह्मास्त्र' ट्रेन

- पूर्व मध्य रेल द्वारा पहली बार एक साथ 04 मालगाड़ियों के रेक को जोड़कर चलाया गया पौने तीन किलोमीटर लंबा लांग हॉल मालगाड़ी 'ब्रह्मास्त्र'



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** परिचालनिक दक्षता में वृद्धि को लेकर पूर्व मध्य रेल निरंतर क्रियाशील है। इसी क्रम में 30 अगस्त को पहली बार एक साथ चार बॉक्सन रेक का संयोजन कर तैयार किए गए 'ब्रह्मास्त्र' लांग हॉल मालगाड़ी का परिचालन किया गया। लगभग पौने तीन किलोमीटर लंबे 'ब्रह्मास्त्र' को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया।

चार मालगाड़ियों को जोड़कर बनाये गये 'ब्रह्मास्त्र' की लंबाई लगभग पौने तीन किलोमीटर रही। संयोजन के पश्चात चार मालगाड़ीयुक्त 'ब्रह्मास्त्र' को गंजख्वाजा से रात लगभग 21.17 बजे धनबाद मंडल के टोरी के लिए रवाना किया गया। लगभग 37.5 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 335 किलोमीटर की यात्रा के बाद 'ब्रह्मास्त्र' गढ़वा रोड के रास्ते धनबाद मंडल के अंतर्गत 7.25 बजे टोरी पहुंची।

परिचालन की दृष्टि से पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में से एक है। रेल परिचालन को गतिमान रखने के साथ धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन हेतु परीक्षण कर लदान हेतु तैयार खाली मालगाड़ियां नियमित उपलब्ध कराने में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ चार मालगाड़ियों को जोड़ कर बने 'ब्रह्मास्त्र' का सफल परिचालन पूर्व मध्य रेल की परिचालनिक दक्षता का द्योतक है जिससे माल लदान एवं परिवहन में और तेजी लाने में मदद मिलेगी।

'ब्रह्मास्त्र' के सफल परिचालन के एक दिन पहले 29 अगस्त को पहली बार एक साथ तीन मालगाड़ियों का संयोजन कर 'त्रिशुल' का भी परिचालन किया गया जिसे गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया था। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी।

### ब्रह्मास्त्र स्पेशल मालगाड़ी पहुंची बालूमाथ शिवपुर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** ब्रह्मास्त्र स्पेशल मालगाड़ी ट्रेन बुधवार को सुबह 8 बजे बालूमाथ शिवपुर पहुंची है। बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने रेलवे के लिए इसे एक ऐतिहासिक पल बताया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि इससे दो दिन पर तीन माल गाड़ियों को जोड़ कर मुगलसराय से बालूमाथ शिवपुर तक लगभग दस घंटा में त्रिशूल मालगाड़ी स्पेशल का सफल परिचालन किया जा चुका है, जिसकी सफलता के बाद चार रेलवे बोर्ड ने नया प्रयोग करते हुई मालगाड़ियों को जोड़ कर ब्रह्मास्त्र स्पेशल मालगाड़ी का इस रेलखंड में सफल परिचालन किया है।

## संबलपुर में दो स्थानों पर जीएसटी का छापा

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के संबलपुर शहर में जीएसटी की बड़ी छापेमारी हुई है। बुधवार को इस संबंध में विश्वसनीय रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। आगे की रिपोर्ट में बताया गया है कि छापेमारी दो जगहों पर की गयी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक निजी प्लाइवुड कंपनी के मालिक के गोदाम और घर पर छापेमारी चल रही है। छापेमारी व्यवसायी द्वारा कथित तौर पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान न करने के आरोपों के चलते की जा रही है। संबलपुर में जीएसटी की छापेमारी वाणिज्यिक कर (सीटी) और जीएसटी की तीन टीमों द्वारा दो स्थानों पर की जा रही है। इस घटनाक्रम पर विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# ममता महंत ने राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ममता महंत ने राज्यसभा सदस्य पद और बीजद से इस्तीफा दे दिया है। बीजद ने 2020 में ममता महंत को राज्यसभा भेजा था। उनके साथ सुबास सिंह, मुन्ना खां और सुजीत कुमार भी राज्यसभा गये थे। वहीं, कार्यकाल खत्म होने से पहले राज्यसभा सदस्य और बीजद से इस्तीफा देकर ममता ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है। बीजद छोड़ने की जानकारी ममता ने खुद ट्वीट कर दी है। राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने भी ममता के इस्तीफे को लेकर स्पष्ट किया की है। राज्यसभा में ओड़िशा से बीजद के 9 और बीजेपी के एक सदस्य हैं। अब ममता के इस्तीफे के बाद इस सीट पर दोबारा चुनाव होगा और विधानसभा संख्या के लिहाज से चुनाव में यह राज्यसभा सीट बीजेपी के पास जाना तय है।

# झारखंड के 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्र मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में तब्दील

- मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ एक आंगनबाड़ी सहायक की भी नियुक्ति होगी, जिसका प्रतिमाह मानदेय 2250 रुपये होगा
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मानदेय में 1000 रुपये की वृद्धि की गयी है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने झारखंड में संचालित सभी 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों का उन्नयन मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में कर दिया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि झारखंड वासियों की मांग को पूरा करते हुए केंद्र ने यह जनकल्याणकारी फैसला लिया है और मंत्रालय ने फैसले की जानकारी झारखंड सरकार को दे दी है। इन 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों के मुख्य केंद्र में उन्नयन से यहां अनेक सुविधाओं में वृद्धि हो जायेगी। मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ एक आंगनबाड़ी सहायक की भी नियुक्ति होगी, जिसे 2250 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मानदेय में 1000 रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी हो जायेगी और यह 3500 रुपये प्रति माह से बढ़ कर 4500 रुपये प्रति माह हो जायेगा। नवनियुक्त सहायक को वर्दी खर्च के रूप में प्रतिवर्ष 1000 रुपये मिलेंगे। मेडिसिन किट के लिए प्रत्येक केंद्र को प्रतिवर्ष 750 रुपये के बजाये 1500 रुपये मिलेंगे। उपकरण एवं फर्नीचर हेतु 5 वर्षों के लिए 7000 रुपये के बजाये 10000 रुपये मिलेंगे। प्रशासनिक खर्च के लिए भी प्रतिवर्ष 1000 रुपये के बजाये 2000 रुपये मिलेंगे। इस प्रकार इन 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यक्षमता बढ़ेंगी, यहां अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे कार्य की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और इन सबका सीधा लाभ इन केंद्रों से जुड़े हजारों बच्चे और महिलाओं को मिलेगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है महिलाओं और बच्चों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना। इस क्रम में देशभर में संचालित 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र अहम भूमिका निभा रहे हैं। झारखंड के लोगों की मांग थी कि लघु केन्द्रों का उन्नयन किया जाये, जिससे ये केंद्र अधिक सुविधाजनक हो सकें, जिसे केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के साथ पूरा किया है।


THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता
जय माता दी
रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**